# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

तापमान 41.0° अधिकतम | 28.4° न्यूनतम

रांची, रविवार 16 जून 2024 ● ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 10 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 2, अंक : 68

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र





**रांची।** भीषण गर्मी के कारण शहर के कई इलाकों में पानी की भारी समस्या है. एक तरफ पीने के पानी तक के लिए लोगों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है, तो दूसरी ओर शहर के खेलगांव चौक के पास सप्लाई पाइप फट जाने के कारण शनिवार को हजारों लीटर पानी बर्बाद हो गया. **-फोटो : आकर्ष अनिकेत**

## तालाब की सफाई के लिए सीसीएल देगी 7 करोड़ की ड्रेजर मशीन

### रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने रांची डीसी को बड़ा तालाब की सफाई कराने को कहा

**संवाददाता । रांची**

रक्षा राज्यमंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने शनिवार को बड़ा तालाब का निरीक्षण कर पानी दूषित होने के संबंध में जानकारी ली. उन्होंने उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा को बुलाया और तालाब की गंदगी जल्द से जल्द साफ कराने को कहा. उपायुक्त ने उन्हें बताया कि तालाब की सफाई के लिए ड्रेजर मशीन की जरूरत है, जिसकी कीमत लगभग 6 से 7 करोड़ रुपये है. मौके पर ही सेठ ने सीसीएल के सीएमडी से फोन पर बात कर सीएसआर फंड से तालाब की सफाई के लिए नई ड्रेजर मशीन उपलब्ध कराने को कहा.

सीएमडी ने मंत्री के प्रस्ताव को स्वीकर करते हुए नगर निगम को अविलंब मशीन उपलब्ध कराने की बात कही. रक्षा राज्य मंत्री ने रांची उपायुक्त से अविलंब कागजी प्रक्रिया पूरा कर सीसीएल सीएमडी को देने को कहा, ताकि जल्द से जल्द मशीन की खरीदारी कर तालाब की सफाई करायी जा सके. संजय सेठ ने कहा कि रांची में कई ऐसे डैम व तालाब हैं, जिसकी वर्षों से साफ-सफाई नहीं हुई है. सभी में गाद व सिल्ट जमा है. उन्होंने कहा कि बड़ा तालाब उनके ड्रीम प्रोजेक्ट में से एक है. इस तालाब को हर हाल में सुरक्षित रखा जाएगा.

उन्होंने रांची झील बचाओ समिति के सदस्यों से भी मुलाकात की. समिति के संरक्षक राजीव रंजन मिश्रा ने उन्हें बताया कि कैसे तालाब की गंदगी और बदबू के कारण आसपास के लोगों को परेशानी हो रही है. तालाब की निचले स्तर से सफाई करानी जरूरी है. मौके पर पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारु, डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय, मुकेश मुक्ता, नंदू अरोड़ा, अमन जायसवाल, उपेंद्र रजक, लंकेश सिंह, इंदर सिंह, श्यामनंदन प्रसाद, शक्ति सिंह, मो जावेद आदि मौजूद थे.



रांची डीसी को बड़ा तालाब की साफ-सफाई कराने का निर्देश देते रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ.

### ब्रीफ खबरें

#### छिनतई गैंग के दो शातिर समेत दुकानदार धराया

**रांची।** लोअर बाजार थाना की पुलिस ने छिनतई गिरोह के दो शातिर अपराधियों सहित एक दुकानदार को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियो में चोरी के जेवर खरीदने वाले दुकानदार अश्वनी प्रकाश गुप्ता, मो उमर और मो प्रिंस शामिल है. इनके पास से गलाया हुआ सोना 16.40 ग्राम, सोना चेक करने वाला पत्थर, 11 हजार नकदी, कपड़ा और बाइक बरामद की गई है. एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि गत पांच जून को रातू रोड निवासी मनोज कुमार सिंह की पत्नी गीता सिंह सेंटेविटा अस्पताल के पीछे से जा रही थी. इसी दौरान बाइक सवार दो अपराधी इनके गले से सोने का चेन छीन कर भाग गए थे.

#### 19-20 जून को विरोध प्रदर्शन करेंगे पदाधिकारी

**रांची।** झारखंड सचिवालय सेवा संघ के उपाध्यक्ष बिनय कुमार बरनवाल की अध्यक्षता में संघ कार्यकारिणी की बैठक हुई. बैठक में 11 जून के मौन जुलूस को सफल बनाने के लिए संघ के पदाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया. इसी क्रम में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत 19-20 जून को सचिवालय सेवा के सभी पदाधिकारी काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन करते हुए काम करेंगे. फिर भी सकारात्मक रवैया नहीं हुआ, तो आंदोलन को आक्रामक किया जाएगा. बैठक में महासचिव सिद्धार्थ शंकर बेसरा के साथ मनोज कुमार, रितेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, देबाशीष, हेम नारायण, राजा आदि थे.

## 20.40 करोड़ रुपये से संवरेगी कोकर औद्योगिक क्षेत्र की सूरत

**प्रमुख संवाददाता । रांची**

कोकर औद्योगिक क्षेत्र की सूरत जल्द ही संवरेगी. इसके लिए 20 करोड़ 40 लाख 85 हजार 877 रुपये खर्च किये जाएंगे. जियाडा, कोकर औद्योगिक क्षेत्र में रोड, ड्रेनेज, स्ट्रीट लाइट सहित अन्य सौंदर्यीकरण का काम करेगा. इसके लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी की जा रही है. कोकर औद्योगिक क्षेत्र में अब तक 143 प्लॉट एलॉट हो चुके हैं. 35 प्लॉट खाली पड़े हैं. बताते चलें कि झारखंड में नए उद्योगों का तेजी से विस्तार हो रहा है. इसका अंदाजा इस बात लगाया जा सकता है कि राज्य के 12 इंडस्ट्रियल एरिया में जियाडा में एक भी प्लॉट खाली नहीं है. सारे प्लॉट उद्योगों को एलॉट कर दिए गए हैं. बोकारो में जियाडा के सिर्फ आठ प्रतिशत प्लॉट खाली हैं. संताल परगना में 11.7 प्रतिशत और आदित्यपुर में 20.7 प्रतिशत प्लॉट खाली हैं. वहीं रांची रिजन में 59.6 प्रतिशत प्लॉट खाली हैं.

**झुमरी तिलैया और रामगढ़ में प्लॉट ही नहीं :** जियाडा के तहत आनेवाले इंडस्ट्रियल एरिया के रामगढ़, झुमरी तिलैया, बसिया, कसिरा, मेराल, जलता, चकला (ओरमांझी) बभनी, सरवाल, तेनसेरा, कुल्ही, सिकरी, हुसैनाबाद में एक भी प्लॉट खाली नहीं है. इसके अलावा तुपुदाना में 23, खूंटी में 13, नामकुम में 04, पतरातू में 22, लोहरदगा में 49, गुमला में 20 और डालटनगंज में 33 प्लॉट खाली हैं.




### सड़क, नाली, स्ट्रीट लाइट से चकाचक होगा इलाका

- पूरी की जा रही है टेंडर की प्रक्रिया, कोकर औद्योगिक क्षेत्र में अब तक 143 प्लॉट एलॉट
- राज्य के 12 औद्योगिक क्षेत्र में जियाडा में एक भी प्लॉट खाली नहीं

### किस इंडस्ट्रियल एरिया में कितने प्लॉट खाली

| इंडस्ट्रियल एरिया | खाली प्लॉट | एलॉट प्लॉट | इंडस्ट्रियल एरिया | खाली प्लॉट | एलॉट प्लॉट | इंडस्ट्रियल एरिया | खाली प्लॉट | एलॉट प्लॉट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुपुदाना | 23 | 275 | होटवार | 10 | 01 | कटिया | 05 | 00 |
| खूंटी | 13 | 140 | नगड़ी | 07 | 08 | न्यू तुपुदाना | 03 | 154 |
| कोकर | 36 | 143 | चकला | 00 | 02 | सोसई | 12 | 04 |
| नामकुम | 04 | 45 | चंदवारा | 01 | 04 | हुसैनाबाद | 00 | 01 |
| पतरातू | 22 | 116 | बभनी | 00 | 03 | सिमडेगा | 01 | 01 |
| लोहरदगा | 49 | 56 | चान्हो | 07 | 11 | कुरडेग | 01 | 01 |
| गुमला | 20 | 44 | इरबा | 02 | 14 | कर्रा | 01 | 01 |
| डालटनगंज | 33 | 89 | इरबा टू | 04 | 00 | कालामाटी | 01 | 01 |
| बेलचंपा | 35 | 26 | कोलरी | 04 | 00 | चंदवारा | 01 | 01 |
| रामगढ़ | 00 | 24 | सरवाल | 00 | 01 | घाघरा | 01 | 00 |
| हजारीबाग | 04 | 20 | तेनसेरा | 00 | 01 | चैनपुर | 01 | 00 |
| टाटीसिल्वे वन | 05 | 55 | कुल्ही | 00 | 07 | बसिया | 00 | 01 |
| झुमरी तिलैया | 00 | 22 | बुड़मू | 04 | 08 | कसिरा | 00 | 01 |
| टाटीसिल्वे टू | 03 | 55 | सिकरी | 00 | 01 | मेराल | 00 | 01 |
| गेतलसूद | 09 | 02 | पतरातू फेज टू | 34 | 01 | जलता | 00 | 01 |
| बरही | 45 | 38 | उचरिंगा | 05 | 01 | | | |

## एजेंसी, विभाग व जेबीवीएनएल के बीच पिस रहे हैं आम लोग

**विशेष संवाददाता। रांची**

- गत दिवस बूटी में तीन घंटे नहीं रही बिजली, शनिवार को दो महीने से वेतन नहीं मिलने के कारण रुक्का प्लांट के कर्मियों ने काम किया बंद
- पेयजल विभाग की पहल पर कर्मी एक घंटे में काम पर लौटे, जेबीवीएनएल के अफसर भी पहुंचे बूटी-और रुक्का

पेयजल विभाग, जेबीवीएनएल और रुक्का प्लांट के ऑपरेशन-मेटेनेंस का कार्य देख रहे के बीच आपसी खींचतान के कारण आम जनता पिस रही है. गत दिवस बूटी जलागार में तीन घंटे बिजली नहीं रहने के कारण रुक्का से वाटर ट्रीटमेंट कार्य ठप रहा. इसके कारण शुक्रवार को टाउन लाइन से आपूर्ति होने वाले बड़े इलाके में पानी आपूर्ति ठप रही. इसके बाद शनिवार की सुबह अचानक रुक्का प्लांट में एजेंसी के अधीन कार्य कर रहे करीब 50 कर्मियों ने दो महीने से वेतन नहीं मिलने के कारण काम ठप कर दिया.

मामला बिगड़ने के बाद पेयजल विभाग रुक्का-बूटी डिवीजन के ईई चंद्रशेखर प्लांट पहुंचे. उन्होंने कर्मियों से वार्ता की. आश्वासन दिया कि अगर एजेंसी पैसे का भुगतान नहीं करती है, तो विभाग अपने स्तर से इसकी व्यवस्था करेगा. काफी-समझाने बुझाने के बाद कर्मी माने और काम पर लौट आए. हालांकि कार्यपालक अभियंता ने काम ठप करने से साफ इनकार कर दिया. उन्होंने बताया कि वे लोग मीटिंग करके काम बंद करने प्लान बना रहे थे, जिसकी सूचना पर वे लोग प्लांट पहुंचे. प्लांट में वाटर ट्रीटमेंट कार्य सामान्य रूप से चल रहा है.

**गुजरात की कंपनी का टर्म हो चुका है पूरा, हैंडओवर भी नहीं किया, मगर विभाग पर दबाव बनाने का प्रयास:** गुजरात की कंपनी एपीसीएल को ऑपरेशन और मेटेंनेंस कार्य तीन के लिए दिया गया है. इसकी कार्यावधि 10 जून को समाप्त हो चुकी है. विभाग ने इसे तीन साल के लिए प्रति वर्ष 9 करोड़ यानी की 27 करोड़ में काम सौंपा था. कंपनी को प्लांट से वाटर ट्रीटमेंट करके विभिन्न लाइन से जलमीनार तक पानी पहुंचाना और राइजिंग और डिस्ट्रब्यूशन पाइप लाइनों का ऑपरेशन एवं मेटेनेंस करना था. मगर यह कंपनी तीन साल में अपने कार्य को पूरी जिम्मेवारी के साथ पूरा करने में विफल रही है. जानकारी के अनुसार कंपनी का कोई आदमी रांची में नहीं रहता है, केवल प्रोजेक्ट मैनेजर के तौर एक आदमी को बैठा दिया गया है. अब कंपनी फिर से काम उसे ही मिले, इसके लिए कर्मियों का वेतन रोकना और दबाव बनाने का काम करवा रहा है.

#### क्या कहते हैं जेई

गत दिवस बूटी में कुछ समस्या आयी थी, इसके अलावे बूटी और रुक्का में बिजली भी सामान्य है और वोल्टेज भी सामान्य है. वे पेयजल इंजीनियरों से कहा है कि अगर कोई बिजली समस्या हो तो दोनों विभाग आपसी तालमेल बनाकर काम कार्य करें, कोई दिक्कत नहीं होगी.

**-गौरव कुमार,** ईई जेबीवीएनएल

#### क्या कहते हैं रुक्का ईई

बूटी में कल समस्या आयी थी. रुक्का में बिजली ट्रिपिंग होते रहती है. वोल्टेज की भी समस्या रहती है. रही बात कर्मियों का काम ठप कराने का तो उनसे बात हो गयी है और प्लांट ठप नहीं हुआ है. प्लांट से पानी ट्रीटमेंट का काम सामान्य रूप से चल रहा है. एजेंसी अभी तक काम हैंडओवर नहीं किया है, इसलिए जब तक वह पैसे का पूरा भुगतान कर्मियों को नहीं करती है, उसे एनओसी नहीं मिलेगा. अगर एजेंसी कर्मियों को पैसा नहीं देती है तो विभाग उसे भुगतान करेगा.

**-चंद्रशेखर,** ईई, रूक्का

**जेबीवीएनएल के अफसर पहुंचे रुक्का प्लांटर :** बिजली समस्या की बातें सामने आने के बाद जेबीवीएनएल के अफसर रांची एसई डीके सिंह, कोकर ईई गौरव कुमार रुक्का प्लांट पहुंचे. बिजली अफसरों ने प्लांट के बिजली आपूर्ति और समस्या को लेकर निरीक्षण किया. इसके पूर्व कोकर ईई गौरव कुमार बूटी जलागार भी पहुंचे गए थे. जहां उन्होंने जलागार के बिजली वोल्टेज का निरीक्षण किया. इसके बाद बिजली अफसरों ने बताया कि गत दिवस बूटी जलागार में कुछ समस्या आयी थी, इसके अलावे बिजली आपूर्ति पूरी तरह से सामान्य है. कहीं कोई समस्या नहीं है.

## मकान में दुकान खोलने से रोका, जारी होगा नोटिस

**संवाददाता। रांची**

### संतोषजनक जवाब नहीं मिला, तो प्रतिष्ठान सील किया जाएगा



अशोकनगर में निर्माणाधीन प्यूमा का शोरूम.

रांची नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 43 के अशोकनगर निवासी डॉ बीएल दास ने अपना मकान संजय दुबे को किराये पर दिया है. लेकिन संजय दुबे उस मकान में व्यावसायिक प्रतिष्ठान खोलने के लिए काम करा रहे हैं. इसकी शिकायत मिलने पर रांची नगर निगम की टीम ने मकान की जांच की. भवन के मालिक से व्यावसायिक उपयोग और भवन प्लान से संबंधित दस्तावेज मांगा गया, लेकिन भवन मालिक द्वारा उपलब्ध नहीं कराया जा सका. इसके बाद निगम की टीम ने किरायेदार संजय दुबे से भी व्यावसायिक प्रतिष्ठान से संबंधित आवश्यक दस्तावेज मांगा. निगम टीम के सदस्यों का आरोप है कि इस पर दुबे नाराज हो गये और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए दो टूक कह दिया कि कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराएंगे. उन्होंने राजनीतिक महकमे में वरीय नेताओं से संपर्क होने की बात कही. इसके बाद सदस्यों ने निगम के वरीय पदाधिकारियों को पूरी स्थिति की जानकारी दी. वरीय पदाधिकारियों ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए नोटिस निर्गत करने का निर्देश दिया. संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर प्रतिष्ठान को सील किया जाएगा.

## खेल में तेल का खेल

## पर्यटन विभाग के अफसर करेंगे जांच



महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के आयोजन में गड़बड़झाला

डीजल के बिल पर लगाया 5% जीएसटी, खेल विभाग ने भुगतान भी किया

खेल में तेल का खेल

बीके ट्रेवल्स पर निदेशालय मेहरबान!

24 की जगह खेल निदेशक ने किया 27 वाहनों का भुगतान

2655 लीटर डीजल भराया, बिल जमा हुआ 2112.78 लीटर का

ई-रिक्शा में भी भरवा दिया डीजल

शुभम संदेश में 14 जून को छपी खबर.

**शुभम किशोर । रांची**

झारखंड की राजधानी रांची में पिछले साल 27 अक्टूबर से पांच नवंबर तक महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन हुआ था. आयोजन में विभिन्न मदों में अनियमितता बरते जाने के मामले सामने आये. ई-रिक्शा में डीजल भराने व डीजल पर जीएसटी वसूलने, टेंडर में पक्षपात, डिनर के एवज में ज्यादा का भुगतान किये जाने के मामले सामने आने के बाद खेल मंत्री हफीजुल अंसारी ने मामले की जांच के आदेश दिये हैं. खेल मंत्री के अनुसार, खेल सचिव ने जांच को लेकर कमेटी का गठन कर लिया है. सभी मामलों की जांच पर्यटन विभाग के अधिकारी करेंगे. खेल मंत्री ने कहा कि 17 जून तक विभाग बंद है. विभाग के खुलते ही जांच शुरू होगी. दावा किया कि एक सप्ताह के अंदर जांच पूरी कर ली जाएगी.

### वेंडर ने जीएसटी मद की राशि वापस की

महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के आयोजन के वक्त खिलाड़ियों सहित अन्य ऑफिशियल के लिए जिन गाड़ियों का इस्तेमाल किया गया था, उसके बिल का भुगतान किया गया. लेकिन बिल में डीजल की कीमत के साथ पांच प्रतिशत जीएसटी भी लगाया गया है और विभाग ने आंख मूंद कर भुगतान भी कर दिया. इतना ही नहीं ई-रिक्शा ऑटो में न सिर्फ डीजल भराया गया, बल्कि बिल का भुगतान भी किया गया है. हालांकि वेंडर नें गलती मानते हुए माफीनामा विभाग को सौंप दिया और जीएसटी की राशि भी वापस कर दी है. लेकिन विभाग के जिसे सख्श ने आंख मूंद कर न सिर्फ बिल पास किया, बल्कि भुगतान भी किया, इसकी जांच अभी बाकी है. इसके अलावा खिलाड़ियों व ऑफिशियल्स के लिए जो ग्रैंड भोज का आयोजन किया गया, उसकी बिलिंग पर सवाल उठाये जा रहे हैं. वहीं टेंडर में भी पक्षपात का आरोप लगा है.

**दक्षता परिचय** कैबिनेट सचिव से लेकर पीएम के सलाहकार पद तक झारखंड कैडर के आइएएस आसीन

## केंद्र में टॉप पायदान पर कार्यरत हैं झारखंड कैडर के ब्यूरोक्रेट्स

**रवि भारती। रांची**

- रसायनिक हथियारों की देखरेख भी झारखंड के अफसर के जिम्मे
- इस्पात, श्रम, स्वास्थ्य और उच्च शिक्षा मंत्रालय का भी देख रहे काम

झारखंड कैडर के आइएएस अफसरों ने राज्य के नीतिगत निर्णयों में अपनी दक्षता का परिचय तो दिया ही, केंद्र में भी अपने बेहतर दूरदर्शी विजन से कई नीतियों को अंजाम तक पहुंचाया है. उनके ही विजन की बदौलत आम जनता को कई कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी मिल रहा है. झारखंड कैडर के ब्यूरोक्रेट्स टॉप पायदान पर पदस्थापित हैं. राजीव गौबा कैबिनेट सेक्रेटरी के पद पर आसीन हैं. यह पद ब्यूरोक्रेसी का सर्वोच्च पद है. वहीं झारखंड कैडर के रिटायर्ड आइएएस अमित खरे दूसरी बार प्रधानमंत्री के सलाहकार बनाए गए हैं.



### गौबा ने धारा 370 हटाने का मसौदा तैयार किया था

आईएएस राजीव गौबा ने केंद्र में गृह सचिव रहते हुए आर्टिकल 370 को हटाने, जम्मू-कश्मीर के पुनर्निर्माण के फैसले के मसौदे को तैयार करने और इसे सफलतापूर्वक लागू कराने में अहम भूमिका निभाई. अपनी एक छोटी सी कोर टीम के साथ उन्होंने इस फैसले के संवैधानिक और कानूनी पहलुओं को अंतिम रूप दिया. गौबा झारखंड में मुख्य सचिव भी रह चुके हैं. यहां भी लेबर रिफार्म, मंत्रालयों व विभागों का पुनर्गठन, लेटरल इंट्री तथा ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में किए गए उनके प्रयासों से ही झारखंड ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में तीसरे स्थान पर रहा था.

### अमित खरे ने नई शिक्षा नीति बनाने में निभाई अहम भूमिका

अमित खरे बिहार-झारखंड कैडर के 1985 बैच के रिटायर्ड आइएएस हैं. उन्हें पहली बार अक्टूबर 2021 में दो साल के लिए पीएम मोदी का एडवाइजर नियुक्त किया गया था. इसके बाद 2023 में फिर से उनके कार्यकाल का विस्तार किया गया. केंद्र में शिक्षा विभाग के सचिव के रूप में नई शिक्षा नीति बनाने में अमित खरे की अहम भूमिका रही है. उन्हें बिहार-झारखंड में बहुचर्चित 940 करोड़ के चारा घोटाले को उजागर करने वाले अफसर के रूप में याद किया जाता है. उनका भारतीय प्रशासनिक सेवा में 36 सालों का करियर बेहद शानदार रहा है. चाईबासा में उपायुक्त के पद पर भेजे गए, तो डायन प्रथा की आड़ में महिलाओं की प्रताड़ना के खिलाफ बड़ा अभियान शुरू किया. बिहार में मेडिकल और इंजीनियरिंग की पारदर्शी परीक्षा प्रणाली स्थापित करने का श्रेय भी अमित खरे को ही जाता है.

### एनएन सिन्हा व अलका तिवारी अहम भूमिका में

सीएस रैंक के अफसर एनएन सिन्हा और अलका तिवारी भी केंद्र में अहम भूमिका निभा रहे हैं. अलका तिवारी केंद्र में नेशनल कमीशन फॉर शिड्यूल ड्राइव में सचिव के पद पर तैनात हैं. वहीं एनएन सिन्हा इस्पात मंत्रालय में सचिव के पद पर तैनात हैं. एमएस भाटिया नेशनल ऑथिरिटी ऑफ केमिकल वेपन के चेयर पर्सन के पद पर तैनात हैं. वहीं निधि खरे देश भर के उपभोक्ताओं का ख्याल रख रही हैं.

### केंद्र में अहम मंत्रालयों में झारखंड के अफसर

केंद्र में झारखंड कैडर के आइएएस अहम मंत्रालयों में अपनी भूमिका बखूबी निभा रहे हैं. सुनील वर्णवाल उच्च शिक्षा मंत्रालय में एडिशनल सेक्रेटरी के पद पर हैं. राहुल शर्मा कैबिनेट सेक्रेट्रेरियट में एडिशनल सेक्रेटरी के पद पर तैनात हैं. केके सोन श्रम मंत्रालय में संयुक्त सचिव के पद पर पदस्थापित हैं. इसी तरह हिमानी पांडेय उद्योग व्यापार मंत्रालय में संयुक्त सचिव व आराधना पटनायक स्वास्थ्य मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं.

## शहर में आज

1. घरेलु कामगार संगठन का कार्यक्रम, पुरूलिया रोड में दोपहर 1 बजे
2. सीएनआई चर्च में कार्यक्रम, बहुबाजार में सुबह 7 बजे
3. रातु रोड कब्रिस्तान में पौधारोपण, दिन के 10 बजे
4. इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की पीसी, प्रेस क्लब में दिन के 10.45 बजे
5. इंडियन मेडिकल एसोसिएशन का कार्यक्रम, आईएमए भवन, करम टोली में दिन के 10.30 बजे
6. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम, योगदा सत्संग सोसाइटी में दिन के 10.30 बजे

**सूचनाः** शहर में होनेवाले कार्यक्रम, सेमिनार, प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों और खबरों से संबंधित जानकारी दैनिक शुभम संदेश के वाट्स ऐप नं 8102917469 पर दे सकते हैं.

# लाइन कटने के बाद सप्लाई पानी भरते हैं लोहरा कोचा के ग्रामीण

**बसंत मुंडा। रांची**

शहर में पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है. जलस्तर नीचे चला गया है. सभी वार्डों में बोरिंग फेल हो गयी है. स्वच्छ पानी पैसे से खरीदना पड़ रहा है.सप्लाई पानी लोगों को उपलब्ध नहीं हो पा रहा. पानी भरने के लिए लोग लाइन कटने का इंतजार करते हैं. मिनीएचवाई डीटी है, लेकिन पांच महीने से खराब पड़ा हुआ है.

लोग काम पर चले जाते हैं, तब नगर निगम पानी भेजता है. पानी लेने के लिए लोग काम छोड़ देते हैं. पानी लेना मुश्किल होता है. सप्लाई पानी बडे लॉज वाले ले रहे हैं. वे मोटर लगाकर पानी खींच ले रहे हैं. यह कहानी थड़पखना के लोहरा



मिनी एचवाईडीटी पांच महीने से खराब.

कोचा वार्ड 18 की है.

लोहराकोचा निवासी पप्पू ने बताया कि वार्ड 18 में पानी की गंभीर समस्या है. पानी का जलस्तर नीचे चला गया है. पांच महीने से पानी टंकी खराब पड़ी हुई है. इसे देखने वाला कोई नही है. पांच हजार की आबादी में चार मिनीएचवाई डीटी लगाया गया है. इसमें से एक खराब है. पानी के लिए रात-दिन



काटना होता है.

गोल्डी ने बताया कि थड़पखना के लोग पानी के लिए मोहताज हो रहे हैं. मुहल्ले में पांच हजार से अधिक आबादी है. एक घंटा मोटर चलता है, तब पानी निकलता है. मुहल्ले में नगर निगम एक टैंकर पानी भेजता है. वह भी पीने योग्य नहीं रहता. पानी गंदा रहता है.पानी का रंग पीला और हरा रहता है.

पिंकी लोहरा ने बताया कि लाइन कटने का इंतजार करते है, क्योकि सप्लाई पानी को बड़े बिल्डिंग और लॉज वाले ले जा रहे हैं. उनके पास मोटर है. उसी से सप्लाई पानी को खींच ले जाते हैं और बड़ी पानी टंकी में भर लेते हैं. सप्लाई का पानी इस मुहल्ला में पहुंचता ही नहीं. जब लाइन कटती है. तब पानी का प्रेशर बनता है. तब घरों तक पानी आता है.

देवंती देवी ने बताया कि 10-15 घरो में सप्लाई का पानी बिल्कुल नहीं पहुंचता. लाइट कटने का इंतजार करते है. तब सप्लाई पानी ले पाते हैं.जिनके पास पैसे हैं, उन्होंने तो मोटर लगा लिया है. सप्लाई पानी आने का कोई समय निर्धारित नही है. रात में पानी आता है तो इसके लिए लोगों को जागना पड़ता है.

नीलू देवी ने बताया कि मुहल्ले में पानी का टैंकर पहुंचता है, लेकिन एक दिन बीच कर आता है. पानी लेने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ती है.पानी के लिए मारामारी होती है. कोई ड्रम, बड़ी बाल्टियों में पानी जमा करते हैं. इसी पानी से लोग नहाते धोते हैं. पानी भरना मुश्किल होता है, जब काम पर चले जाते हैं.

### इंडियन एकेडमी ने की पीडियाट्रिक्स की होटल होलीडे होम में दो दिवसीय सीएमई की शुरुआत

# ईस्ट जोन मिड-टर्म सीएमई और पेडिकॉन, जुटे देश भर के डॉक्टर





■ **चिकित्सा की नवीनतम पद्धतियों से अवगत हुए चिकित्सक**

**संवाददाता। रांची**

ईस्ट जोन मिड-टर्म सीएमई और पेडिकॉन के दो दिवसीय सीएमई में देश भर के 250 शिशु रोग विशेषज्ञों ने भाग लिया. सभी ने शिशु चिकित्सा क्षेत्र में आ रहे आधुनिकतम बदलावों पर अपने विचार रखे. इस दौरान सभी शिशु रोग विशेषज्ञों को चिकित्सा के नवीनतम पद्धतियों से अवगत कराया गया. विशेषज्ञों ने आधुनिकतम चिकित्सा पद्धतियों से संबंधित अनुभवों को साझा किया. सीएमई का उद्घाटन रिम्स के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हीरेन बिरुआ ने किया.

**बच्चों में बढ़ रहीं कई बीमारीः** बच्चों में इन दिनों कई बीमारियां तेजी से बढ़ रही है. कई बार समय पर बीमारियों को समझना भी मुश्किल हो जाता है. अभी बच्चों में सबसे ज्यादा सांस की समस्या देखने को मिल रही है. एक्यूट मैनेजमेंट रेस्पीरेट्री मॉर्बिडिटी के कारण मौत का ग्राफ भी बढ़ा है. ऐसे में किस तरह इस समस्या का सही उपचार करें. किन चीजों पर बारीकी से ध्यान देने की जरूरत है. कैसे इस तरह के मामलों में ज्यादा से ज्यादा बच्चों को बचाया जाए इसपर चर्चा की गई. विभिन्न बीमारियों को लेकर अलग-अलग एक्सपर्ट डॉक्टर्स ने अपने टॉपिक पर आपस में जानकारी साझा की. रांची के डॉ. ओपी महनसरिया के एबीसी ऑफ अंडरस्टैंडिंग एंड मैनेजमेंट एक्यूट रेस्पीरेट्री मॉर्बिडिटी टॉपिक के साथ परिचर्चा की शुरुआत हुई. इसके बाद बंगाल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. शांतनु देब ने रि-विजिटिंग पीडियाट्रिक ट्यूबरक्लोसिस की पहचान व उपचार के बारे जानकारी दी गई. आधे घंटे तक व्याख्यान देकर डॉ. शांतनु ने समझाया कि कैसे बच्चों में होने वाली टीबी की पहचान व सही इलाज किया जा सके. उन्होंने बताया कि कुछ समय से बच्चों में टीबी की समस्या बढ़ी है, इसका एक बार अनुवांशिक भी है. जबकि जन्म के समय भी इंफेक्शन के कारण इसके होने की संभावना होती है. डॉ. शांतनु ने कहा कि अगर समय से इलाज शुरू हो जाए तो यह पूरी तरह ठीक हो सकती है. कहा कि पुराने जमाने में मनटूस टेस्ट होता था, अब उसका कोई महत्व नही है. अब जीन एक्सपर्ट, एगरा जैसे एडवांस टेस्ट आ गए है जिससे टीबी को पकड़ना आसान हो गया है.

**शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. आनंद जगनानी लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित**

सीएमई के दौरान रांची के वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. आनंद जगनानी को उनके चिकित्सकीय योगदान के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया. वहीं, डॉ श्याम सिडाना ने देशभर से आए शिशु रोग विशेषज्ञों का स्वागत किया. शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ हुंसी गिरी ने बच्चों में कब्ज की समस्या के बारे में जानकारी दी. डॉ नील रतन मजूमदार ने बच्चों के दिमागी विकास में होने वाले विकार के संबंध में विस्तार से जानकारी दी

**आज बच्चों में गुर्दे रोग के इलाज में एडवांस तकनीक की जानकारी देंगे दिल्ली एम्स के डॉ. सचित**

रविवार को दिल्ली एम्स के डॉ. सचित आनंद बच्चों के गुर्दे रोग के इलाज में आने वाले नवीनतम बदलावो पर व्याख्यान देंगे. इसके अलावा डॉ शांतनु भद्रा बच्चों के किशोर अवस्था में पहुंचने पर होने वाली बीमारी और मानसिक समस्या पर बात करेंगे. इस कॉन्फ्रेंस के सफल आयोजन में शिशु रोग विशेषज्ञ सह ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. राजेश कुमार, डॉ प्रेम कुमार, डॉ अनिताभ कुमार, डॉ राजीव मिश्रा, डॉ पीके गुप्ता, डॉ अजीत सहाय समेत अन्य का योगदान रहा.

# 29 तक चलेगाा आयुष्मान पखवाड़ा लाभुकों के ई केवाईसी से बनेंगे कार्ड

**संवाददाता। रांची**

डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को समाहरणालय में आयुष्मान भारत-मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत आच्छादित लाभुकों का ई केवाईसी से कार्ड बनाने के लिए बैठक की.

बता दें कि आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर 15 से 29 जून तक आयुष्मान पखवाड़ा चलाया जा रहा है. बैठक में सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार, डॉ एके खैतान, डॉ. अभिषेक, डॉ. बासुकी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे.

**अफसरों को दिये गये निर्देशः** बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि सभी प्रखंडों एवं निगम क्षेत्र में हर रोज कैंप लगाया जाए. जो परिवार गुलाबी, पीला, हरा राशन कार्डधारी होंगे वे आयुष्मान कार्ड के लिए योग्य होंगे. लाभुकों को निबंधन के लिए प्रज्ञा केन्द्र में आधार, राशन कार्ड एवं मोबाइल न. के साथ आना होना होगा. सहिया/ राशन डीलर / एसएचजी के माध्यम से योग्य परिवारों को लाभान्वित करेंगे. सभी प्रज्ञा केंद्रों पर रोज 50 परिवारों का लक्ष्य निर्धारित किया जाए. उक्त लक्ष्य को हर हाल में पूरा करने का निर्देश सीएससी प्रबंधक को दिया गया.

कैंप की सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित करने की व्यवस्था अपने स्तर से सुनिश्चित करने को कहा गया. ताकि अधिक से अधिक लोग कैंपो में उपस्थित हो सकें. कहा गया कि सहिया / राशन डीलर/ एसएचजी की महिलाएं जो अपने स्तर से कार्ड बना रही हैं, वो कार्ड बनाती रहेंगी.

कम से कम 10 आयुष्मान कार्ड प्रतिदिन और जो कार्ड बनाने में असमर्थ हैं, वो कम से कम 10 लोगों को प्रतिदिन निकतम प्रज्ञा केन्द्रों में लाना सुनिश्चित करेंगे. सहिया के द्वारा घर घर जाकर सर्वे किये जाने एवं लाभार्थियों की सूची तैयार किये जाने का आदेश दिया गया. .

# ऑनलाइन गेमिंग और साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

**संवाददाता। रांची**

ऑनलाइन गेमिंग और साइबर ठगी करने वाले गिरोह का रांची पुलिस ने भंडाफोड़ किया है. एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर पुलिस की टीम ने सदर थाना क्षेत्र के लीची बगान स्थित ईशा अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 101 में छापा मारकर गिरोह के चार

अपराधियों को गिरफ्तार किया है. जिन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है गया है. उनमें छत्तीसगढ़ का रहने वाला अरमान नामदेव, करण नामदेव, ललित सोनी और प्रत्यूष श्रीवास्तव शामिल हैं. आज शनिवार दोपहर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एसएसपी ने यह जानकारी दी.

**रांची में भी एक सेंटर खोला गया था**

गिरफ्तार साइबर अपराधियों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि ये लोग छत्तीसगढ़ के साथ-साथ झारखंड में भी ऑनलाइन गेमिंग और साइबर ठगी का कारोबार फैलाने वाले थे. इसके लिए इन साइबर अपराधियों के द्वारा एक सेंटर खोला गया था. गिरफ्तार अपराधियों के पास से 25 एटीएम, एक लैपटॉप, 7 चेक बुक, 24 पासपोर्ट सहित कई मोबाइल फोन और सिम कार्ड बरामद किये गये हैं.

## ब्रीफ खबरें

### ग्राहक बन जेवर चोरी करने पहुंचा युवक, धरा गया

**रांची।** ज्वेलरी शॉप में ग्राहक बन कर जेवर चोरी करने पहुंचे युवक को लोगों ने पकड़ लिया. यह घटना जिले के अरगोड़ा थाना क्षेत्र में शनिवार को घटी है. एक युवक जेडी ज्वेलर्स में ग्राहक बनकर जेवरात देखने आया. वह सोना चोरी कर भागने की कोशिश कर रहा था. लेकिन लोगों ने उसे खदेड़ कर पकड़ लिया. उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया. जान लें कि इन दिनों अपराधियों और चोरों के निशाने पर ज्वेलरी शॉप हैं. पिछले 13 जून को बाइक सवार अपराधियों ने पंडरा ओपी क्षेत्र में ज्वेलरी शॉप में लूट की घटना को अंजाम दिया था.

### आजसू केंद्रीय समिति की बैठक आज कांके में

**रांची।** आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो की अध्यक्षता में रविवार को कांके रिंग रोड स्थित सुनैना बैंक्वेट हॉल में केंद्रीय समिति की बैठक होगी. बैठक में पार्टी के पदाधिकारी, सदस्य, विस प्रभारी, जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष व सचिव, जिप अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्य, प्रमुख एवं उप प्रमुख, महानगर अध्यक्ष एवं सचिव भाग लेंगे. साथ ही सभी अनुषंगी इकाई (महिला संघ, छात्र संघ, युवा आजसू, बुद्धिजीवी, श्रमिक संघ, किसान संघ, अधिवक्ता संघ, उद्योग एवं व्यापार संघ, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, एससी/एसटी महासभा, और आजसू पार्टी कला-संस्कृति प्रकोष्ठ) के केंद्रीय अध्यक्ष व महासचिव उपस्थित रहेंगे.

# नहीं बना ट्रांसजेंडर वेलफेयर बोर्ड



**संवाददाता।रांची**

तृतीय लिंग समुदाय और एलजीबीटी समुदाय ने रिनपास में सेंसटाइजेशन प्रोग्राम का आयोजन किया. उन्होंने वेलफेयर बोर्ड पर बात की. समुदाय ने वेलफेयर बोर्ड में झालसा डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट डीडीसी और मंत्रालय को निमंत्रण दिया था, लेकिन वे वहां नहीं आए. उत्थान सीबीओ ने एलाइंस इंडिया साहस प्रोजेक्ट के साथ रिनपास के सहयोग से ट्रांसजेंडर वेलफेयर बोर्ड के लिए पैनल की बैठक की.

जिसमें हाईकोर्ट के एडवोकेट सोनल तिवारी, एड्स कंट्रोल सोसाइटी से रवि भारती, एनएचएम से एनिमा किस्कू और रिनपास की एचओडी मनीषा किरण डायरेक्टर मौजूद रहे. नाराज समुदाय ने फिरायालाल चौक में ढोल नगाड़ों के साथ विरोध प्रदर्शन किया. जिसमें यह बताने का प्रयास किया कि वो भी इंसान हैं. सरकार नहीं सुनती. उत्थान सीबीओ के सचिव अमरजीत सिंह ने कहा कि हम आश्रय गृह और सामुदायिक भवन के लिए कब से पत्र दे रहे हैं. लेकिन वे नकार रहे हैं. नालसा जजमेंट को 10 साल पूरे हो गए, लेकिन झारखंड में ट्रांसजेंडर वेलफेयर बोर्ड नहीं बन पाया. इसके लिए पीआईएल करनी पड़ी. सरकार इसके लिए खाली समय ही मांगती जा रही. अमरजीत ने कहा कि समुदाय रोटी-कपड़ा-मकान से वंचित है. समुदाय तक पेंशन लाभ नहीं पहुंचा. नाराज समुदाय ने कहा कि यह छोटा प्रदर्शन है इससे बड़े प्रदर्शन होंगे क्योंकि सरकार सोई है. कार्यक्रम में अमरजीत सिंह, अर्पित पांडे, प्रिसा सिंह, मधु, रजिया, डोली, सौम्या, और झारखंड के तृतीय लिंग व एलजीबीटी समुदाय के लोग शामिल हुए.

# डीसी की अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति पीसी एंड पीएनडीटी की बैठक

**संवाददाता। रांची**

रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने आज शनिवार को समाहरणालय में जिला सलाहकार समिति पीसी एंड पीएनडीटी की बैठक की. डीसी ने वैसे क्लीनिक जो अनिबंधित हैं और कोई अप्रशिक्षित व्यक्ति अल्ट्रासाउंड का कार्य कर रहा है, उन पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया. डीसी ने सभी अल्ट्रासाउंड संस्थान का सख़्ती से निरीक्षण करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों दिया. कहा कि लिंग निर्धारण करने वाले क्लीनिक पर पीसी एंड पीएनडीटी प्रावधान के तहत कार्रवाई करें, जिसमें पांच वर्ष जेल एवं 50 हजार रुपए दंड का भी प्रावधान है.

बैठक में सिविल सर्जन (सदर) डॉ प्रभात कुमार, उपाधीक्षक सदर अस्पताल रांची डॉ एके खैतान, लीगल एडवाइजर झारखंड उच्च न्यायलय भास्कर त्रिवेदी, सहायक नोडल पदाधिकारी पीसी एंड पीएनडीटी रांची, पीसी एंड पीएनडीटी डॉ.अभिषेक, डॉ. बासुकी, डॉ. ए सिन्हा, पीसी एंड पीएनडीटी कोर्डिनेटर राकेश कुमार राय सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे.



**पीसी एंड पीएनडीटी की बैठक में लिये गये निर्णय**

- नये निबंधन के लिए 13 अल्ट्रासाउंड क्लीनिक की स्वीकृति दी गयी
- नवीकरण के लिए चार अल्ट्रासाउंड क्लीनिक को स्वीकृति दी गयी
- 5 डॉक्टरों के पदस्थापन की स्वीकृति दी गयी
- 6 यूएसजी मशीन खरीद की स्वीकृति दी गयी

### एनआरआई महिला से लाखों की ठगी मामले में एक और गिरफ्तार

**रांची।** रांची की एनआरआई महिला से 29.94 लाख की साइबर ठगी मामले में एक और अपराधी गिरफ्तार हुआ है. सीआईडी ने असम के फरहादुर रहमान नाम के साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है. इस मामले में साइबर सेल रवि शंकर द्विवेदी और वीरेंद्र को गिरफ्तार कर पहले जेल भेज चुकी है.

आरोपियों के स्वीकारोक्ति बयान व जांच में पता चला कि चीन से ऑपरेट करने वाले बड़े गिरोह के लिए काम करने वाले साइबर अपराधी भारत में सक्रिय हैं. महिला से व्हाट्सएप पर संपर्क किया किया गया. महिला को इंस्टाग्राम पर वीडियो लाइक कर स्क्रीनशॉट भेजने का पार्ट टाईम जॉब का ऑफर दिया. महिला ने जब यह काम करना शुरू कर दिया, तो उसे टास्क दिया जाने लगा. फिर अपराधी ने महिला को विभिन्न बैंक खातों में पैसे डालने को बोला गया. जहां महिला को का प्रॉफिट दिखता था. लेकिन प्रॉफिट नहीं मिला. इस प्रकार 29.94 लाख रूपये की ठगी कर ली गयी.

# एचईसी : भारतीय मजदूर संघ ने रक्षा राज्यमंत्री से की मुलाकात



रक्षा राज्य मंत्री संजय का स्वागत करते एचईसी मजदूर संघ के सदस्य.

**संवाददाता। रांची**

रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ से शनिवार को एचईसी मजदूर संघ (भारतीय मजदूर संघ) के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की और पुष्प गुच्छ देकर बधाई दी.

महामंत्री रमा शंकर प्रसाद ने संजय सेठ को एचईसी के गंभीर विषयों से अवगत कराते हुए कहा कि इस विकट परिस्थिति में आप से पूरी उम्मीद है. आप पर भरोसा है कि आप एक अच्छी पहल कर फिर से एचईसी के पुराने गौरव को हासिल करने में सफल होंगे. मौके पर रमा शंकर प्रसाद के अलावा सुनील कुमार पांडे, विकास तिवारी, रविकांत, सरोज कुमार, बालमकुंद शर्मा, मनोज कुमार, संजय कुमार, लक्ष्मण कुमार, संतोष सिंह, सुनील कुमार तांती, सोमनाथ, उदय शंकर, अजय शर्मा, सुधीर चौधरी, सुमन सिंह, सुजित कुमार झा, मो. असलम, जॉन तिग्गा, जगदीश सिंह, कुंदन शर्मा, मनोज गुप्ता सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे.

**बैठक**

### फिल्म कला संस्कृति की बैठक में उप समिति चेयरमैन आनंद जालान ने कहा-

# कल बॉलीवुड कलाकार राजपाल यादव को चैंबर करेगा सम्मानित

**खास बातें**

- चैंबर की उप समितियों की संयुक्त बैठक
- पोस्टपेड को मनमाना बिल, बिजली कटौती, पौधरोपण पर चर्चा



**संवाददाता। रांची**

झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के टेलिकम्यूनिकेशन, स्टील फेब्रिकेशन, स्वच्छ भारत व पौधरोपण तथा फिल्म, कला एवं संस्कृति उप समिति की संयुक्त बैठक शनिवार को चैंबर भवन में अध्यक्ष किशोर मंत्री की अध्यक्षता में हुई. टेलिकम्यूनिकेशन के क्षेत्र में प्राइवेट ऑपरेटर्स की मनमानी पर चर्चा हुई. उप समिति चेयरमेन अनिश सिंह ने कहा कि हमें शिकायतें मिल रही हैं कि पोस्टपेड ग्राहकों को मनमाना बिल थमाया जा रहा है, जिसपर पत्राचार का निर्णय लिया गया. राज्य में पावरकट की समस्या पर सदस्यों ने चिंता जताई, स्टील फैब्रिकेशन उप समिति के चेयरमेन जसविंदर सिंह ने कहा कि बिजली की कटौती के कारण उत्पादन में समस्या हो रही है, जिससे व्यापारियों को काफी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है.

**पौधरोपण के महत्व पर चर्चा हुई**

वृक्षों की अंधाधुंध कटाई से पर्यावरणीय संकट उत्पन्न होने पर स्वच्छ भारत पौधरोपण उप समिति द्वारा चिंता जताते हुए वृक्षारोपण के महत्व पर चर्चा की, उप समिति चेयरमेन किशन अग्रवाल ने आग्रह किया कि चैंबर सदस्यों के पास जिनके पास पर्याप्त भूमि हो, वे आगे आयें, हमारी उप समिति उसमें वृक्षारोपण की पहल करेगी. फिल्म कला संस्कृति की बैठक में उप समिति चेयरमेन आनंद जालान ने अवगत कराया कि 17 जून को चैंबर भवन में प्रसिद्ध बॉलीवुड कलाकार राजपाल यादव व मुबिन सौदागर को चैंबर द्वारा सम्मानित किया जायेगा. चैंबर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने उप समितियों की बैठकों को व्यापार व उद्योग जगत के अनुकूल बताते हुए, अन्य सभी उप समितियों से अपनी कमिटी की बैठकों का आयोजन करने की अपील की. मौके पर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी, उप समिति चेयरमैन अनिश सिंह, सदस्य जसविंदर सिंह, किशन अग्रवाल, परमजीत सिंह चाना, साबिर हुसैन सहित अन्य सदस्य शामिल थे.

# संयुक्त बस्ती समिति ने रक्षा राज्यमंत्री को सौंपा मांगपत्र

**संवाददाता। रांची**

रक्षा राज मंत्री संजय सेठ को शनिवार को संयुक्त बस्ती समिति की ओर से शुभकामना और मांग पत्र सौंपा गया. समिति 6 शहरों की बस्तियों, समुदायों असंगठित मजदूरों, समाज सेवकों, सामाजिक अभियानों, संस्थाओं एवं बेघरों का सम्मिलित संगठन है जो मानवाधिकारों व आवास के अधिकारों पर कार्य करती प्रतिबद्ध है.

इसमें समाज के शोषितों को जबरन बेदखली से संरक्षण देना भी शामिल है. मांगपत्र देने वालों में रीतू खलखो, सुमन तिर्की, रोहित, गीता देवी, संतोषी सोय, पूनम देवी, गोपाल नायक, रिमा देवी, सन्नी कुमार राम आदि शमिल थे.



**क्या है मांग पत्र में :** शहर के गैर अधिकृत एवं गैर चिन्हित स्लमों को चिन्हित कर औपचारिक व्यवस्था में लाया जाए. साथ ही स्लमों में सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं का लाभ सुनिश्चित हो. 74वें संविधान संशोधन को लागू करते हुए जल्द ही वार्ड समितियों का गठन करते हुए योजना निर्माण का विकेन्द्रीकरण हो. बस्ती वासियों के आवास पर कानूनी सुरक्षा दी जाए. स्लमों से बेदखली रुके. झारखंड में स्लम बस्तियों के नियमितीकरण एवं विकास के लिए काम हो. झरिया क्षेत्र में पीने के पानी की स्थायी व समुचित व्यवस्था हो, यह आग और भू धसान का क्षेत्र होने के कारण जन मानस को 2-3 किलोमीटर की दूरी से पेयजल लाना पड़ता है, महिला व बच्चे इससे ज्यादा प्रभावित हो रहे है, आदि मांगे शामिल हैं.

## बकरीद की नमाज कल

**रांची।** अंजुमन इस्लामिया रांची ने ईदुल अजहा (बकरीद) के नमाज की समयसारिणी जारी की है. बकरीद की नमाज सोमवार 17 जून को है.

| ईदगाह/मस्जिद | नमाज का वक्त |
|---|---|
| रांची ईदगाह | 9 बजे |
| डोरंडा ईदगाह | 8 बजे |
| परासटोली ईदगाह | 7 बजे |
| बरियातु ईदगाह | 6.45 |
| बड़ागाई ईदगाह | 7 बजे |
| कांके ईदगाह | 7.30 |
| पिठोरिया ईदगाह | 7 बजे |
| कोकदोरो ईदगाह | 7 बजे |
| पिरूटोला ईदगाह | 7 बजे |
| हुसीर ईदगाह | 7 बजे |
| होचर ईदगाह | 7 बजे |
| सिठियो ईदगाह | 6.30 बजे |
| चुट्टू ईदगाह | 7.30 बजे |
| कोकदोरो जामा मस्जिद | 7 बजे |
| मस्जिद ए अली कोकदोरो | 6 बजे |
| पुंदाग ईदगाह | 8.45 बजे |
| नया सराय ईदगाह | 7.30 बजे |
| सिलादोन शाही ईदगाह | 6.45 बजे |
| ईदगाह टंगरा | 8 बजे |
| ईदगाह फुटकलटोली | 7 बजे |
| डॉ. फतेउल्लाह मस्जिद | 7.30 बजे |
| रंगसाज मस्जिद | 7.30 बजे |
| हव्वारी मस्जिद | 6.30 बजे |
| मस्जिद ए कासिम कलाल टोली | 7 बजे |
| मस्जिद ए अब्दुल्लाह अंजुमन कॉलोनी | 6 बजे |
| अहले हदीस मस्जिद | 6 बजे |
| चांदनी मस्जिद | 6.30 बजे |
| मस्जिद ए रजा कुरैशी मुहल्ला | 5.35 बजे |
| मस्जिद ए बेलाल | 6.30 बजे |
| पत्थलकुदवा मस्जिद | 6.45 बजे |
| मस्जिद ए हामीम हरमू | 7.15 बजे |
| नूरानी मस्जिद आजाद हिंद नगर हरमू | 7 बजे |
| ताजुश शरिया मस्जिद एदलहातु | 7 बजे |
| मस्जिद ए आयशा हटिया | 7 बजे |
| मस्जिद ए बेलाल हटिया | 7 बजे |
| पुरानी रांची मस्जिद | 6.30बजे |
| जामा मस्जिद डोरंडा | 6.30 बजे |
| मजारवाली मस्जिद | 7.30 बजे |
| मरकजी मस्जिद | 7.30 बजे |
| दर्जी मुहल्ला मस्जिद | 6.30 बजे |
| असरा मस्जिद डोरंडा | 6.30 बजे |
| मस्जिद ए अराफात डोरंडा | 7 बजे |
| मस्जिद ए बेलाल डोरंडा | 7 बजे |
| कुरैश मुहल्ला मस्जिद | 6.15 बजे |
| रहमत कॉलोनी मस्जिद | 6.45 बजे |
| मस्जिद ए अबुबकर | 6 बजे |
| फैजान ए अबू हनीफा मस्जिद | 5.45 बजे |
| मदरसा हुसैनिया कडरु | 6.30 बजे |
| मदरसा जामिया कडरु | 6.15 बजे |
| मस्जिद जमील कडरु | 7 बजे |
| कडरु जामा मस्जिद | 7 बजे |
| रजा ए जामा मस्जिद भिट्ठा | 7 बजे |
| मस्जिद ए हेरा | 6.45 बजे |
| मस्जिद ए जाफरिया अंसार नगर | 10 बजे |
| मस्जिद ए जैबुननिशा फुलबगान | 6.15 बजे |
| मस्जिद ए जिलानी | 6.30 बजे |
| मस्जिद ए नूरी | 6.30 बजे |
| मस्जिद ए हमजा | 6.15 बजे |
| मस्जिद ए असरा कांटा टोली | 6 बजे |
| कुरैश मुहल्ला मस्जिद | 6.30 बजे |
| मस्जिद ए तैयब | 6 बजे |
| मस्जिद ए इब्ने अब्बास | 5.45 बजे |
| मस्जिद अली हजारीबाग रोड कांटाटोली | 6.45 बजे |
| मस्जिद ए अमन खादगढ़ा के सामने | 5.30 बजे |
| थड़पखना मस्जिद | 7 बजे |
| इकरा म्सजिद | 6.30 बजे |
| तस्लीम मस्जिद हिंदपीढ़ी | 7 बजे |
| राईन मस्जिद | 7 बजे |
| छत्ता मस्जिद | 6.30 बजे |
| छोटी मस्जिद | 6.30 बजे |
| बड़ी मस्जिद | 7.15 बजे |
| मक्का मस्जिद | 5.20 बजे |
| मदीना मस्जिद | 6 बजे |
| मोती मस्जिद | 6 बजे |
| अकबरीया मस्जिद | 7 बजे |
| मस्जिद ए अंबिया | 6.30 बजे |
| मस्जिद ए उमर | 7.30 बजे |
| मस्जिद ए अबुकबर | 5.40 बजे |
| मस्जिद ए औलिया | 7.15 बजे |
| इस्लामि मरकज मस्जिद | 6.30 बजे |
| मस्जिद ए गौसुलवरा | 6 बजे |
| मस्जिद ए उस्मान | 6.30 बजे |
| मस्जिद ए नूर | 6.30 बजे |
| जामा मस्जिद बरियातु | 7.30 बजे |

### हृदय रोग संबंधी चिकित्सा शिविर 21 को

**रांची।** सीसीएल सेंट्रल हॉस्पिटल में 21 जून को निःशुल्क हृदय रोग संबंधी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा. इस आयोजन में मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के चिकित्सक डॉ. राजीव राठी हृदय रोग से ग्रसित मरीजों की जांच कर चिकित्सीय सलाह देंगे.

### 85 प्रतिशत व अधिक अंक प्राप्त करनेवाले छात्रों को भेंट किया गया प्रतीक चिह्न एवं प्रमाण पत्र

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मेधावी छात्र व अभिभावक सम्मानित

**संवाददाता। रांची**

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा में शनिवार को मेधावी छात्र अभिनंदन सह अभिभावक सम्मान समारोह-2024 का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, पुष्पार्चन एवं वंदना के साथ हुआ. शिशु विकास मंदिर समिति के अध्यक्ष शक्तिनाथ लाल दास ने प्रतीक चिह्न एवं अंग वस्त्र भेंट कर मुख्य अतिथियों का स्वागत किया. अखिलेश्वर नाथ मिश्र, मंत्री, शिशु विकास मंदिर समिति (झारखंड) ने विद्यालय की स्थापना से लेकर अब तक की विकास यात्रा की संक्षेप में जानकारी दी. उन्होंने बताया कि विद्यालय का मुख्य उद्देश्य सामान्य एवं अति सामान्य वर्ग के बच्चों को शिक्षा देना है. उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य आय अर्जित करना नहीं, बल्कि बच्चों को शिक्षा के साथ चरित्र का निर्माण करना भी है.





सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा में प्रतीक चिह्न के साथ सम्मानित मेधावी छात्र. छात्र-छात्राओं के साथ सम्मानित किए गए अभिभावक.

### कर्तव्य के प्रति बने ईमानदार : सिद्धार्थ शंकर लाल

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सिद्धार्थ शंकर लाल ने कहा कि शिक्षा समाज को अच्छे मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती है. अच्छे चरित्र का निर्माण करती है. बच्चों को सुसंस्कृत करती है. हमें अपने कर्तव्य के प्रति ईमानदार बनना चाहिए. वहीं विशिष्ट अतिथि डॉ. नीरज कुमार ने कहा कि जब तक मंजिल न मिले, तब तक अपने मार्ग पर आगे बढ़ते रहना चाहिए. इस अवसर पर शिशु विकास मंदिर समिति के सह मंत्री डॉ. धनेश्वर महतो, महावीर सिंह, डॉ. उमाशंकर शर्मा, बलराम उपाध्याय, लाल अशोक नाथ शाहदेव, आशीष नाथ शाहदेव, विजय केसरी, विनोद कुमार सिंह, नर्मदेश्वर मिश्र, सुनील दत्त सिंह एवं प्राचार्य ललन कुमार उपस्थित थे.

### खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले छात्र सम्मानित

सत्र 2023-24 कक्षा दसवीं व बारहवीं में 85% एवं उससे ज्यादा अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के अलावा राज्य स्तरीय क्रिकेट, राष्ट्रीय स्तरीय लॉन टेनिस एवं स्केटिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया. मुख्य अतिथि सिद्धार्थ शंकर लाल, महाप्रबंधक, सीसीएल, विशिष्ट अतिथि रवि शंकर सिंह, वरीय प्रबंधक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, रांची एवं डॉ. नीरज कुमार, शिशु रोग विशेषज्ञ द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र दिया गया.

### निर्जला एकादशी 18 को श्रद्धालु करेंगे व्रत उपवास

**रांची।** निर्जला एकादशी 18 जून को होगा. आचार्य अजय मिश्रा ने पंचांगों की गणना कर बताया कि ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि 17 जून सुबह 04:43 पर शुरू हो रही है. इसका समापन 18 जून सुबह 06:24 पर होगा. उदया तिथि के अनुसार निर्जला एकादशी व्रत मंगलवार और पारण बुधवार के दिन करना शास्त्रसम्मत होगा. उन्होंने बताया कि निर्जला एकादशी का व्रत मंगलवार को श्रद्धाभाव से नेम-निष्ठा के साथ रखा जायेगा. एक दिन भी भूखा नहीं रहने वाले पांडव भीम ने भी इस व्रत को धारण किया था. इस कारण इसे भीमसेनी एकादशी भी कहा जाता है. एकादशी व्रत को लेकर मंदिरों में विशेष आराधना तो की ही जायेगी, साथ ही घरों में भी पूजा-अर्चना कर भगवान सत्यनारायण जी की कथा सुनी जायेगी. श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर तिरुपति बाला जी मंदिर और शहर के श्याम मंदिरों में अभिषेक, श्रृंगार, पूजन, भजन आदि का आयोजन होगा.

### स्वागत गान एवं नृत्य अभिनय के साथ हुआ स्वागत

# कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पढ़ा नैतिकता का पाठ

**संवाददाता। रांची**

डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों के लिए स्वागत सह परिचय (इंडक्शन) कार्यक्रम का आयोजन हुआ. कक्षा नवमी एवं बारहवीं के विद्यार्थियों ने स्वागत गान एवं नृत्य अभिनय के साथ ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों का स्वागत किया. प्राचार्य एसके मिश्रा ने अभिभावकों एवं बच्चों को सम्बोधित करते हुए विद्यालय की गतिविधियों, नियमों के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा होना बहुत जरूरी है.

प्राचार्य ने डीएवी स्कूल की विशेषता बताते हुए कहा कि यह एक ऐसी शिक्षण संस्था है, जहां मानवता की नींव रखी जाती है. ईश्वर तो मनुष्य बनाता है, पर उसमें मानवता रूपी गुण डीएवी संस्था अपने वैदिक विचारों, नैतिक मूल्यों एवं शिक्षकों के माध्यम से प्रदान करती है. आज के बच्चे बहुत ही होनहार, समझदार हैं. उन्हें केवल तराशने और उचित मार्गदर्शन देने की जरूरत है. यह कार्य हम शिक्षक-अभिभावकों के संयुक्त प्रयास से ही संभव हो पाएगा.

उन्होंने बच्चों से कहा कि हम माता-पिता का ऋण कभी नहीं चुका सकते. इसलिए ऐसा कभी भी कोई कार्य न करें, जिससे स्वयं को एवं माता-पिता को शर्मिंदगी झेलनी पड़े. इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक एके अमरेश, एनके दुबे, एसके महापात्रा, पीएस दास, जितेंद्र कुमार, बी कार्तिक, प्रभात कुमार, वीरेन्द्र पाण्डेय, आरके सामल, प्रीतम सरकार, ज्योति श्रीवास्तव, रिमझिम रानी, मौसमी मजूमदार, सरस्वती राय, अनुराधा सिंह, अनुश्री सिन्हा, उर्वशी बाई, मधुश्री उपस्थित थे.



विद्यार्थियों के इंडक्शन कार्यक्रम को संबोधित करते डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल के प्राचार्य.

### झारखंड गर्ल्स बटालियन की 22 कैडेट्स खेलगांव रवाना

डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में एनसीसी की तीन झारखंड गर्ल्स बटालियन की 22 कैडेट्स खेलगांव के एनसीसी कैंप में भाग लेने के लिए विद्यालय से रवाना हुईं. विद्यालय के प्राचार्य एस के मिश्रा ने कैडेट्स को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने और पूरे जोश के साथ प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया. उन्होंने कहा कि एनसीसी युवाओं में देश के प्रति कर्तव्य और समर्पण की भावना पैदा करता है. इस अवसर पर उन्होंने बटालियन की दो कैडेट्स 'ट्विंकल वर्मा एवं श्रेयसी बाखला' को अखिल भारतीय थल सैनिक कैंप में फायरिंग के लिए चुने जाने पर बधाई दी. एएनओ अनुराधा सिंह ने बताया कि दोनों कैडेट्स को आगामी एनसीसी कैंप में फायरिंग का विधिवत प्रशिक्षण मिलेगा.

### आजसू रांची विवि में उग्र आंदोलन करेगी

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का प्रतिनिधिमंडल रांची विश्वविद्यालय के छात्र अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में कुलपति से मुलाकात की. दस हजार विद्यार्थियों के बैठने वाले बहुउद्देशीय परीक्षा भवन बनाने एवं सेंट्रल लाइब्रेरी में पेयजल व्यवस्था की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया. रांची विवि के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ल ने कहा कि रांची विवि द्वारा यूजी, पीजी एवं अन्य परीक्षाएं विवि में करवाई जाती हैं.

### सदानंद जी आज देंगे अपना घर की सौगात



**रांची।** प्रसिद्ध संत सदानंद जी रविवार को निराश्रितों को अपना घर की सौगात देंगे. श्रीकृष्ण प्रणामी संस्था के पुंदाग स्थित निर्माणाधीन आश्रम में शारीरिक, मानसिक रूप से असहाय और निराश्रितों के लिए सदगुरु कृपा अपना घर सज-धज कर तैयार है. दिन के साढ़े दस बजे विधिवत इसका उद्घाटन किया जायेगा. संस्था के उपाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल राजू ने बताया कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अम्बुज नाथ मुख्य उद्घाटनकर्ता, पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह मुख्य अतिथि, मुख्य आयकर आयुक्त कुमार संजय और डीसी राहुल कुमार सिन्हा बतौर विशिष्ट अतिथि भागीदारी निभाएंगे.

### लिटिल विंग्स स्कूल बी डिविजन क्रिकेट प्रतियोगिता

# कुश्माही क्रिकेट एकेडमी चैंपियन




क्रिकेट प्रतियोगिता में विजयी टीम के खिलाड़ी.

**खेल संवाददाता। रांची**

रांची जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित लिटिल विंग्स स्कूल बी डिवीजन क्रिकेट प्रतियोगिता 2023-24 का फाइनल में सोनेट्ट क्रिकेट एकेडमी (नामकुम) को 129 रनों से हराकर कुश्माही क्रिकेट एकेडमी चैंपियन बनी. शनिवार का धुर्वा गोलचक्कर मैदान में फाइनल मुकाबला खेला गया. कुश्माही क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 35 ओवर में 7 विकेट खोकर 256 रन बनाए. टीम कि ओर से सुबोध ने 110, अविनाश ने 57 और संतोष ने 53 रनों कि पारी खेली. सोनेट्ट कि ओर से धीरज थापा ने 36 रन देकर 3 विकेट लिए. दूसरी पारी में लक्ष्य का पीछा करते हुए सोनेट्ट क्रिकेट एकेडमी 25.4 ओवर में 127 रन बनाकर ऑल आउट हो गई. टीम कि ओर से सर्वाधिक आशीष ने 35 और शुभम ने 24 रन बनाए. कुश्माही कि ओर से ऋषभ और भास्कर ने शानदार गेंदबाजी कि और 3-3 विकेट झटके.

प्रतियोगिता में बेस्ट बैटर का पुरस्कार संतोष कुमार शर्मा (कुश्माही सीए) को दिया गया. बेस्ट बॉलर का पुरस्कार अमित इंदुआर (जेयूवीएनएल) को दिया गया. फाइनल का मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सुबोध कुशवाहा (कुश्माही सीए) को दिया गया.

फाइनल में विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार रांची जिला क्रिकेट संघ के कार्यकारी अध्यक्ष राजू शर्मा , सचिव शैलेन्द्र कुमार, रामेंद्र कुमार (निदेशक, लिटिल विंग्स स्कूल) और कोषाध्यक्ष सौमित पटनायक के संयुक्त रूप से दिया गया. वर्ष 2023-24 में संघ ने विभिन्न प्रतियोगिता को मिलाकर कुल 437 मैच सफलता पूर्वक आयोजन किया. पुरस्कार वितरण समारोह में संघ कार्यकारी सदस्य चंचल भट्टाचार्य, रमेश सिंह, मुजफ्फर अली (मुन्ना)सहायक सचिव सुनील पाल, शंभू सिन्हा पूर्व रणजी खिलाड़ी एसपी गौतम, एसके पांडेय, प्रशांत कुमार, मोहम्द फैयाज, युवराज सिंह मौजूद थे.

# श्री अर्जन देव जी के शहीदी गुरु पर्व पर सजा विशेष दीवान

**संवाददाता। रांची**

गुरुद्वारा साहिब, कृष्णा नगर कॉलोनी रातू रोड में शनिवार को गुरु श्रीअर्जन देव जी का शहीदी गुरु पर्व श्रद्धाभाव से मनाया गया. इस मौके पर पहले दिन दो विशेष दीवान सजाये गये, जिसमें बड़ी संख्या में धर्मावलंबियों ने हिस्सा लिया. स्थानीय और बाहर से आये रागी जत्था ने गुरु भक्ति की अविरल धारा बहायी. प्रातःकालीन दीवान सुबह आठ से साढ़े दस बजे तक सजा. इसके बाद रात्रि कालीन दीवान की शुरुआत आठ बजे हुई, जो रात पौने 12 बजे तक चली. पहले स्त्री सत्संग सभा की शीतल मुंजाल ने किरपा करहु दीन के दाते मेरा गुण अवगुण न बीचारहु कोई... शबद गायन किया. इनके बाद हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह ने शबद गायन से संगत को निहाल किया. फिर सिख पंथ के कीर्तनी जत्था भाई तवनीत सिंह, चंडीगढ़ वाले ने गुरु भक्ति की अविरल धारा बहायी. तेरा भाना मीठा लागे, हरि नाम पदार्थ नानक मांगे ... जैसे शबद कीर्तन की मधुर स्वरलहरियां देर रात तक गूंजती रही. हेड ग्रंथी ज्ञानी जिवेंदर सिंह जी ने अरदास कर हुकुमनामा पढ़ा. कढ़ाह प्रसाद वितरण के साथ दीवान की समाप्ति हुई.



स्थानीय और बाहर से आये रागी जत्था ने गुरु भक्ति की अविरल धारा बहायी.

### आज भी सजेगा दीवान

रातू रोड गुरुद्वारा साहिब में रविवार को भी विशेष दीवान सजाये जायेंगे. मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि दिन के 11 बजे दीवान की शुरुआत होगी, जो तीन बजे तक चलेगी. गुरु का लंगर भी बरतेगा. शाम चार बजे तक गुरुनानक सेवक जत्था की ओर से रक्तदान शिविर भी लगाये जायेंगे.

### श्रीश्याम मंदिर में प्रसाद पानेवालों की लगी रही कतार



**रांची।** श्रीश्याम मंदिर, हरमू रोड में शनिवार को 116वां भंडारा चलाया गया. भोग पाने को देर शाम तक श्रद्धालुओं की कतार लगी रही. सबके बीच प्रसाद के रूप में स्वादिष्ट व्यंजन बांटे गये. यह कार्यक्रम श्रीश्याम मित्र मंडल की ओर से चलाया जा रहा है. मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया और उपमंत्री अनिल नारनोली के सान्निध्य में यजमान पुष्पा देवी पोद्दार, स्नेह पोद्दार ने भंडारे का प्रसाद अर्पित किया. इसके बाद भोग लगे प्रसाद को भंडारे में मिश्रित कर पहले आचार्यो को ग्रहण कराया गया. फिर अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में यजमान परिवार ने आम लोगों को प्रसाद परोसा.

### अनुकूल आश्वासन पर पीजीटी छात्रों का आंदोलन स्थगित



**रांची।** ग्यारह विषयों के शिक्षकों की नियुक्ति की मांग को लेकर पीजीटी के छात्रों ने तीसरे दिन शनिवार को अपना आंदोलन स्थगित कर दिया. वे राजभवन के समक्ष पिछले दो दिनों से शिक्षक नियुक्ति की मांग को लेकर आंदोलन पर थे. आंदोलनकारी पीजीटी छात्रों ने बताया कि प्लस टू विद्यालयों में कुल 11 विषयों के शिक्षकों की नियुक्ति के लिए परीक्षा संचालित की गई थी, जिनमें सात विषयों में नियुक्ति नहीं की गई. जेएसएससी ने 14 जून को चार विषयों का रिजल्ट प्रकाशित कर दिया है. विधायक दीपिका पांडे ने उन्हें आश्वासन दिया कि तीन विषयों का रिजल्ट भी जल्द प्रकाशित किया जाएगा. उसके बाद सभी राजभवन के समक्ष धरना पर बैठे छात्रों ने आंदोलन को वापस लेने का निर्णय लिया.

### जेएआईएन का प्रतिनिधि से मिलिए कार्यक्रम आयोजित

**संवाददाता। रांची**

जेएआईएन (डीम्ड विश्वविद्यालय) ने प्रतिनिधि से मिलिए करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया. इस कार्यक्रम में 150 से अधिक छात्रों, 100 माता-पिता और विभिन्न स्कूलों के कई प्रमुखों ने भाग लिया, जिससे जेएआईएन के विविध शैक्षणिक प्रस्तावों और करियर के अवसरों में गहरी रुचि का पता चला. कार्यक्रम की शुरुआत में विश्वविद्यालय के बारे में एक जानकारीपूर्ण वीडियो प्रस्तुति दिखायी गयी. विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों ने इस इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान अभिभावकों और छात्रों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब दिए. जैन( डीम्ड विश्वविद्यालय) के स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के उप निदेशक डॉ. वी. विवेक ने कहा, हमारे उद्योग प्रमुखों के साथ मिलकर विकसित किए गए उत्कृष्टता केंद्रों और हमारी व्यापक प्लेसमेंट प्रक्रिया के बारे में माता-पिता और छात्रों के गहन सवालों के साथ बातचीत करना संतोषजनक था. भविष्य के प्रति ऐसी उत्सुकता और जिज्ञासा देखना वास्तव में प्रेरणादायक है.

### गंगा दशहरा आज, मंदिरों में होंगे अनुष्ठान

**रांची।** ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को गंगा दशहरा मनाया जाता है. इस बार गंगा दशहरा रविवार को मनाया जा रहा है. इस दिन श्रद्धालु गंगा या अन्य नदियों में आस्था की डुबकी लगाएंगे और दान-पुण्य कर मां के श्रीचरणों में श्रद्धा के पुष्प अर्पित करेंगे. गंगा दशहरा के दिन सुबह से ही मंदिरों में दर्शन-पूजन को लेकर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहेगा. पूरे दिन श्रद्धालु भक्ति में रमे रहेंगे. मां गंगा के अवतरण दिवस पर राजधानी के मंदिरों और जलाशयों में कई कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे. पीयूष पाठक की पहल पर शहर के प्रबुद्ध जन पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी दोहराएंगे. नदियों और तालाबों की स्वच्छता के प्रति जनजागरण के उद्देश्य से गंगा आरती भी उतारी जाएगी. सभी गायत्री शक्तिपीठों में गायत्री जयंती, गंगा दशहरा और श्रीराम शर्मा आचार्य के महाप्रयाण दिवस को लेकर यज्ञ, हवन, भजन और भंडारा भी होगा.

### नयी शुरुआत | पारंपरिक कक्षा और डिजिटल परिदृश्य के बीच खाई को पाटने की पहल

# सरला बिरला स्कूल में हाइब्रिड क्लासरूम का उद्घाटन

**खास बातें**

- लक्ष्य पारंपरिक कक्षा व डिजिटल परिदृश्य के बीच खाई पाटना
- क्लासरूम को बच्चों को भविष्य के लिए तैयार करने में सहायक

**संवाददाता। रांची**

सीबीएसई, माइक्रोसॉफ्ट और टेक अवांट-गार्ड के सहयोग से सरला बिरला पब्लिक स्कूल में शनिवार को कार्ट ब्लांच हाइब्रिड लर्निंग नोड क्लासरूम की शुरुआत हुई. कुलपति प्रोफेसर डॉ. गोपाल पाठक और प्राचार्या परमजीत कौर द्वारा रिबन काटकर हाइब्रिड क्लासरूम का उद्घाटन किया गया. यह एक अभिनव शैक्षणिक पहल है, जो सीबीएसई के प्रतिष्ठित पायलट प्रोजेक्ट के तहत डिजाइन की गई है. जिसका उद्देश्य पारंपरिक शिक्षा प्रणाली को उन्नत डिजिटल उपकरणों और सहयोगी शिक्षण प्लेटफार्म के साथ एकीकृत कर क्रांतिकारी बदलाव लाना है. इस पायलट प्रोजेक्ट का लक्ष्य पारंपरिक कक्षा और डिजिटल परिदृश्य के बीच की खाई को पाटना है, जिससे छात्रों के लिए एक संलग्न और समावेशी शिक्षण अनुभव सुनिश्चित किया जा सके.




क्लास रूम के उद्घाटन के मौके पर वीसी डॉ. गोपाल पाठक, प्राचार्य परमजीत कौर व अन्य.

### छात्रों को कौशल से सुसज्जित करना हमारी जिम्मेदारी : प्राचार्य

मुख्य अतिथि, प्रोफेसर डॉ. गोपाल पाठक ने हाइब्रिड लर्निंग नोड क्लासरूम को बच्चों को भविष्य के लिए तैयार करने में सहायक बताया. उन्होंने छात्रों से आत्मानुशासित और आत्म-प्रेरित होने का आग्रह किया. प्राचार्य परमजीत कौर ने कहा कि यह पहल स्कूल के आदर्श वाक्य 'तमसो मां ज्योतिर्गमय' से मेल खाती है, जिसका अर्थ है 'अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ना' हाइब्रिड लर्निंग नोड क्लास रूम्स परियोजना तकनीक को शिक्षा में एकीकृत करना है, ताकि छात्र तेजी से विकसित हो रहे डिजिटल युग में भविष्य के लिए तैयार हो सकें. छात्रों को इस तकनीकी वातावरण में मार्गदर्शन करने और सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल से सुसज्जित करना स्कूल की जिम्मेदारी है. मौके पर छात्र, अभिभावक और शिक्षक उपस्थित थे.

# अली हुसैन की डोरंडा कब्रिस्तान में हुई मिट्टी, जनाजे में उमड़ी भारी भीड़

**संवाददाता। रांची**

कुवैत अग्निकांड में मृत अली हुसैन का पार्थिव शरीर रांची एयरपोर्ट से उनके हिंदपीढ़ी स्थित अवास में लाया गया. उनके पहुंचते ही पूरे मुहल्ले वालों का मजमा लगने लगा. उनके दूर दराज के सारे रिश्तेदार घर पहुंच गये थे. मुहल्लेवासियों एवं अपने रिश्तेदारों ने गुस्ल की रस्म अदा की, जनाजे को लेकर निकले तो उनके घर की महिलाएं, आस पड़ोस की महिलाएं दहाड़े मार कर रोने लगीं. जनाजे में पूरे हिंदपीढ़ी समेत रांची, आसपास व दूर दराज के लोग बड़ी संख्या में शरीक हुए. जनाजे की नमाज के बाद डोरंडा कब्रिस्तान में मिट्टी की रस्म अदा की गई. जनाजे में पिता, चाचा, भाई, सारे रिश्तेदार समेत पूर्व पार्षद मो असलम, मो जावेद, नदीम इकबाल, अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष हाजी मोख्तार अहमद, मो बाबर, विक्की सरदार समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल थे.

राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक सीपी सिंह मृत अली हुसैन के परिजनों से मिलने उनके हिंदपीढ़ी स्थित आवास पहुंचे. उन्होंने परिजनों से मिल कर इस दुखद घटना पर ढाढस बंधाते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में हम लोग आप के साथ हैं. सर्वधर्म सदभावना समिति के अध्यक्ष मो इस्लाम ने कहा कि सरकार की पहल पर अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी श्रमिक अनुदान योजना के तहत रांची उपायुक्त द्वारा मृतक के परिजनों को पांच लाख की अनुदान राशि चेक के रूप में दी गई.



अली हुसैन के जनाजे में उमड़ी भीड़.

## ब्रीफ खबरें

### हॉस्पिटल में चोरी करते दो चोर धराये

**रातू।** रातू थाना क्षेत्र के सिमलिया रिंग रोड स्थित ट्यूलिप हॉस्पिटल में शुक्रवार की रात बोर्ड की चोरी करते दो चोरों को रंगे हाथ पकड़ लिया गया. जानकारी अनुसार दोनों चोर हॉस्पिटल में लगे पिछले गेट से अंदर प्रवेश कर गए .अंदर रखे बोर्ड को चोरी कर ले जा रहे थे. ठीक उसी समय गस्ती कर रही पीसीआर की टीम ने दोनों को पकड़ लिया . पूछताछ की तो दोनों ने बताया की हॉस्पिटल से चोरी कर भाग रहे हैं. मामले को लेकर ट्यूलिप हॉस्पिटल प्रबंधन ने रातू थाना में लिखित शिकायत की है.

### पुत्र ने लगाई फांसी, पिता की सदमे में मौत

**राहे।** वरुण कुमार महतो ने शुक्रवार की रात अपने घर में रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली. शनिवार की सुबह पुत्र की मौत की जानकारी मिलने पर सेवा सदन अस्पताल में भर्ती 55 वर्षीय पिता दयाराम महतो की सदमे से मौत हो गई. सूचना मिलने पर राहे पुलिस गांव पहुंचकर वरुण के शव को कब्जे में लेकर रिम्स में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया. वहीं परिजनों का कहना है कि वरुण कुमार महतो कुछ दिनों से तनाव में था, संभवत इसलिए उसने फांसी लगा ली. शनिवार की देर शाम दोनों शवों का गांव के श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया. पिता-पुत्र की मौत के बाद पड़ोसियों के घर में भी चूल्हे नहीं जले.

### सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल

**राहे।** थाना क्षेत्र के सीसीटांड मोड़ के समीप संतुलन बिगड़ने से मोटरसाइकिल सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं घटना शनिवार सुबह की 9 बजे की है.दो युवक मोटरसाइकिल से राहे से बुंडू की ओर जा रहे थे. सीसीटांड मोड़ के घुमावदार सड़क पर असंतुलित हो कर गिर पड़े. घायल युवक निरंजन कुमार और विश्वनाथ कुमार तमाड़ के रहने वाले हैं. काफी देर तक सड़क में गिरे रहने पर आसपास के लोग जमा हुए और दोनों को उठाएं. 108 पर एंबुलेंस मंगाई गई पर एंबुलेंस उपलब्ध नहीं हो पाया. स्थिति बिगड़ते देख समाजसेवी गंगाधर साव ने अपने निजी वाहन से बुंडू रेफरल अस्पताल पहुंचाया. इलाज के दौरान एक की स्थिति गंभीर बनी हुई है.

### गेतलसूद डैम में युवाओं ने की साफ - सफाई

**अनगड़ा।** गेतलसूद डैम के किनारे रोज आइलैंड चर्चा में आने के बाद यहां प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या पर्यटकों की भीड़ उमड़ रही है। पर्यटक यहां घूमने के दौरान अपने खाने-पीने का सामान, पानी की बोतल, प्लास्टिक और डिब्बा बंद खाद्य पदार्थ खाने के बाद यहीं पर फेंक देते हैं। इसके अतिरिक्त युवाओं की टोली अपने साथ शराब और बियर की बोतल भी फेंक कर चले जाते हैं। जिससे यहां कचरों का अंबार लग गया है। इसकी जानकारी मिलते ही युवाओं की टोली यहां पहुंचकर शनिवार को कचरा की साफ-सफाई की। सफाई अभियान में अभिषेक नाथ, राहुल कुमार बैठा, सोनू कुमार, श्रवण कुमार, पवन पाटली, प्रशांत कुमार महतो, अरुण महतो, पवन कुमार महतो, राजकुमार कुमार बैठा, शिवम बैठा, अरुण महतो, राजेश बेदिया, नीतीश कुमार महतो, राजीव कश्यप, अंकित कुजूर, रवि टोप्पो आदि थे.

### रातू में अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त

**रातू।** थाना क्षेत्र के तिलता बागीचा के पास अवैध रूप से बिक्री के लिए खड़ी दो ट्रैक्टर बालू को मुख्यालय (टू) डीएसपी अरविंद कुमार ने शनिवार की सुबह जब्त कर लिया. जानकारी अनुसार डीएसपी क्षेत्र में घूम रहे थे, इसी क्रम में उन्हें दो ट्रैक्टर बालू दिखाई दिया. जब दोनों ट्रैक्टर के चालक को बुलाकर उन्होंने बालू से संबंधित कागजात और चालान की मांग की तो वो कोई कागजाद नहीं दिखा पाए. डीएसपी ने दोनों ट्रैक्टर के चालक समेत बालू लदे ट्रैक्टर को जप्त कर लिया. पुलिस हिरासत में लिए गए चालक दिवाकर मुंडा एवं संतोष कुमार महतो ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के सोबा गांव के रहने वाले हैं. समाचार लिखे जाने तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई थी.

---

13 जून की रात दोनों गांव के ग्रामीणों के बीच टकराव की स्थिति बनी थी, दो गांवों के बीच संघर्ष की स्थिति का पटाक्षेप हुआ

# नगड़ी टोंका टोली जंगल में अय्याशी करने आए युवकों ने माफी मांगी

**सुनील कुमार गुप्ता। बेड़ो**



पंचों के सामने उपस्थित आरोपी युवकों से पूछताछ करती बेड़ो पुलिस.

**खास बातें**

- ग्रामीणों ने युवक- युवतियों को पकड़ने के लिए पहल की
- प्रशासन की उपस्थिति में उठक बैठक कर युवकों ने माफी मांगी

दो युवकों के कथित अय्याशी के कारण बेड़ो थाना क्षेत्र के नगड़ी टोंका टोली और जराटोली के ग्रामीणों के बीच संभावित संघर्ष की स्थिति टल गई. दोनों गांव के ग्रामीणों के सूझबूझ तथा बेड़ो थाना पुलिस प्रशासन के पहल पर आरोपी युवकों ने समाज से माफी मांगी और बांड भरा. इसी के साथ दोनों गांव के लोगों के बीच तीन दिनों से चल रहा संघर्ष की स्थिति समाप्त हो गई. उल्लेखनीय है कि दो जराटोली के के दो युवक पिछले 13 जून की रात दो युवतियों को लेकर अलग-अलग बाइकों पर सवार होकर नगड़ी टोंका टोली, नीचे टोली एवं जंगल की गलत इरादे से प्रवेश किया था. दोनों युवक बाइक में सवार होकर युवतियों को लेकर जंगल में प्रवेश किया. ग्रामीणों के द्वारा रोके जाने पर वे रुके नहीं. आगे जाकर बाइक को जंगल किनारे छोड़कर जंगल में अंदर प्रवेश कर गए. टोका टोली के ग्रामीणों ने रात में आए युवक युवतियों को पकड़ने के लिए पहल किया. तभी उन्होंने बाइक को जंगल के किनारे देखा. ग्रामीणों ने पुलिस को फोन मामले की जानकारी दी. तभी बेड़ो के थाना प्रभारी नकुल शाह पुलिस के पदाधिकारियों के साथ पहुंचे और युवकों की तलाश की. नहीं मिलने पर उन्होंने बाइक को जब्त कर लिया. तभी नगड़ी टोंका टोली के ग्रामीणों को आशंका हुई कि देर रात में जरा टोली की ओर से 50-60 लोग टार्च की सहायता से नगड़ी टोंका टोली की ओर आ रहे हैं. ऐसी स्थिति से ग्रामीण अलर्ट हो गए और तीर-कमान लेकर पोजिशन बना लिया. ग्रामीणों ने दहशत में आकर पुलिस प्रशासन को दोबारा फोन कर हमले की आशंका जताई. बेड़ो पुलिस दोबारा पहुंची लेकिन जराटोली की ओर से आए कथित हमलावर बगैर हमला किए लौट गए. लेकिन ग्रामीणों में दहशत बनी रही. इसके बाद लगातार दो दिनों तक ग्रामीणों ने थाना में आकर बैठक की. शनिवार को थाना परिसर में दोनों युवकों को बुलाया गया. जराटोली के ग्रामीणों के पहल पर दोनों युवक क्रमशः अनवर अंसारी पिता तसलीम अंसारी और आफताब अंसारी पिता शहीद अंसारी ने अपनी गलती स्वीकार किया. पंचों के फैसले पर दोनों ने भरी सभा में उपस्थित ग्रामीणों से माफी मांगी और उठक बैठक कर पश्चाताप किया. इस दौरान उन दोनों से दोबारा गलती नहीं करने की बांड भरी. नगड़ी टोंका टोली के ग्रामीणों की ओर से जुगेश उरांव ने शर्त रखी कि शाम छह बजे के बाद बाहरी लोगों का जंगल में प्रवेश निषिद्ध होगा और नगड़ी टोली के आम बगीचा में नशेड़ियों की अड्डेबाजी नहीं होने दी जाएगी. इस मौके पर थाना प्रभारी नकुल शाह, सब इंस्पेक्टर रौशन कुमार, पंचायत समिति सदस्य अमीन अंसारी, मुखिया पति बबलु खान, बेडो. की मुखिया सुशांति भगत, पंचायत समिति सदस्य राखी भगत, समाजसेवी जुगेश उरांव, रशीद मीर, एतवा उरांव,मनीरूद्दीन अंसारी, लीला मुंडा, समाजसेवी जगन्नाथ भगत, करांजी के सदर शोएब अंसारी नौशाद अंसारी, पड़हा संचालन समिति के बंधना उरांव, वार्ड सदस्य रेखा उरांव, जोसेफ मिंज ,नीली लकड़ा, जोसफिन टोप्पो, किरण टोप्पो, प्रदीप लकडा, प्रकाश उरांव, दीपक लकड़ा सहित दर्जनों लोग मौके पर मौजूद थे.

---

**हादसे का शनिवार** लातेहार, सिमडेगा व खूंटी में सड़क दुर्घटनाएं

# चार लोगों की मौत, पांच गंभीर

**झारखंड के अलग-अलग जिलों में शनिवार हादसे का दिन बन कर आया. लातेहार, सिमडेगा व खूंटी में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गयी. इसमें लातेहार में एक, सिमडेगा में दो और खूंटी में एक व्यक्ति की मौत हो गयी. वहीं, चार महिला समेत पांच लोग घायल हो गये. लातेहार में जहां अनियंत्रित बोलेरो ने दीवार तोड़ते हुए घर के अंदर सो रहे लोगों को कुचल दिया. वहीं, सिमडेगा में ट्रेलर ने बाइक सवार तीन लोगों को रौंद दिया. खूंटी में सड़क हादसे में आईआरबी जवान की मौत हो गयी.**

## ट्रेलर ने 3 को रौंदा, 2 की मौत

**संवाददाता। सिमडेगा**

- घायल सिमडेगा सदर अस्पताल में इलाजरत
- एक ही बाइक पर सवार होकर जा रहे थे 3 लोग



सड़क किनारे पड़े शव और घटनास्थल पर मौजूद पुलिस के जवान केसाथ आसपास के लोगों की भीड़ व इनसेट में दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाइकिल.

1

कोलेबिरा थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 143 पर नावाटोली बगीचा के पास ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी. वहीं एक गंभीर रूप से घायल है. जानकारी के अनुसार, शनिवार की सुबह लाय केरा निवासी अजय बागे, डड़टोली निवासी चामू सोरेंग व टुइयां प्रधान कोलेबिरा के गलायटोली में अपने एक रिश्तेदार के घर अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए बाइक से जा रहे थे.

इस बीच नवाटोली के पास पेट्रोल पंप से बाइक में पेट्रोल भराने के लिए सड़क पार रहे थे. इसी क्रम में सिमडेगा की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रेलर (एनएल 01 एएच 3692) ने बाइक सवार तीनों लोगों अपनी चपेट में ले लिया. इस घटना में चामू सोरेंग व अजय बागे की मौके पर ही मौत हो गयी. वहीं टुइयां प्रधान गंभीर रूप से घायल हो गया. ग्रामीणों की सूचना पर कोलेबिरा पुलिस ने ट्रेलर को पकड़ लिया. वहीं, घायल को एंबुलेंस से कोलेबिरा कसामुदायिक सवास्थ केंद्र भेजा गया. पुलिस ने दोनों मृतक के शवों को पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा भेज दिया गया. वहीं, गंभीर रूप से घायल को डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया.

## कार ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत

2

**खूंटी।** जरियागढ़ थाना क्षेत्र के तोरपा-कर्रा मुख्य पथ के बाला डुमारी गांव के समीप शनिवार को तेज रफ्तार कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी. इस घटना में बाइक सवार सड़क पर गिर गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई. मृतक की पहचान ऑस्कर हेंब्रम (36) के रूप में की गई है. वह तोरपा थाना क्षेत्र के बारकुली रायटोली का रहने वाला था और इंडिया रिजर्व बटालियन, धुर्वा में पदस्थापित था. वह बारकुली राय टोली स्थित घर से बाइक से रांची जा रहा था. इसी दौरान दुर्घटना हो गयी.





मुआवजे की मांग को लेकर सड़क पर प्रदर्शन करते ग्रामीण.

## बोलेरो घर में घुसी एक की मौत, 4 गंभीर

**संवाददाता। लातेहार**

- प्राथमिक उपचार के बाद तीन महिलाएं रिम्स, रांची रेफर

3

सदर थाना क्षेत्र की तरवाडीह पंचायत के कोने गांव में शुक्रवार की देर रात एक अनियंत्रित बोलेरो एक घर की दीवार को तोड़ते हुए अंदर प्रवेश कर गयी. इस घटना में घर के अंदर कमरे में सो रहे राजदेव लोहरा की मौके पर ही मौत हो गयी. वहीं, उसकी पत्नी शकुंती देवी (45), बेटी आरती कुमारी (18) एवं गांव की अन्य दो महिलाएं करमी देवी (40) व फंदनी देवी ( 40) गंभीर रूप से घायल हो गईं. हादसे की सूचना मिलने के बाद रात में ही मुखिया राधा देवी व पूर्व मुखिया जलेश्वर लोहरा मौके पर पहुंचे. उन्होंने सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया. चिकित्सक ने शकुंती देवी, आरती कुमारी व कुरमी देवी की हालत गंभीर देखते हुए तीनों को रिम्स रेफर कर दिया गया.

**शादी समारोह से लौट कर सो रहे थे सभी लोग :** घटना के बाबत मृतक के बेटा जितेंद्र लोहरा ने बताया कि वे लोग हेरहंज प्रखंड में एक शादी समारोह में शिरकत कर घर लौटे थे. परिवार के सभी लोग घर के एक कमरे में सो रहे थे. इस बीच अचानक से एक बोलेरो घर की दीवार तोड़ते हुए सोये लोगों को कुचल दिया.

**दो घंटे सड़क जाम :** घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने शनिवार की सुबह नवरंग चौक के पास शव रख कर दो घंटे सड़क जाम कर दिया.

---

## बकरीद को लेकर राहे थाना में हुई शांति समिति की बैठक

**संवाददाता। राहे**

थाना परिसर में शनिवार को बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी फैज रब्बानी की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक में आपसी भाईचारे व सौहादपूर्ण वातावरण में बकरीद का त्योहार मनाने का निर्णय लिया गया . थाना प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र में संप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए सभी व्यक्तियों की सहभागिता काफी महत्वपूर्ण है. क्षेत्र में किसी प्रकार की कोई हिंसक व अप्रिय घटना न हो इसके लिए सभी की सजगता जरूरी है .शांति व्यवस्था बहाल करने में जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों, सामाजिक एवं राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं से सहयोग करने का आग्रह किया. मौके एसआई पिंटू कुमार, मनोज चटर्जी,सुशांत सिंह, मुरलीधर सिंह, सुरेंद्र प्रजापति, जिप सदस्य बादल महतो, उप प्रमुख उमेश महतो,मुखिया कृष्णा पातर, बिलु ठाकुर, जगन्नाथ मुखर्जी, क्षेत्रमोहन महतो, अमजद अली, कासिम अंसारी, वकील अंसारी, अक्षय महतो,राज किशोर मुंडा,संजय महतो आदि मौजूद थे.

## सिल्ली में लू का कहर लोग पड़ रहे बीमार

**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली मुरी एवं आसपास के इलाकों में लू की लहर से पिछले सप्ताह भर से लोग परेशान है. शनिवार को इस हीट चरम पर आ गया. गर्म हवाओं एवं 42 डिग्री की तापमान के कारण लोग बीमार होने लगे है. लोग सिर दर्द, उल्टी, पेट दर्द आदि से परेशान है. शनिवार को सिल्ली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कुल 15 लोग हीट वेव के चपेट में आने से भर्ती हो गए है इनमें से एक दो साल का बच्चा, दो पॉलिटेक्निक की छात्राएं, छह महिलाएं शामिल है. इनका इलाज चल रहा है. निजी अस्पताल सिंगपुर नर्सिंग होम में भी पांच बच्चे समेत करीब बीस लोग भरती है.

रॉकमैन प्रीमियर लीग के क्वालीफायर-2

## स्मैशर्स ने चैलेंजर्स को हराया

**संवाददाता। रांची**



रॉकमैन प्रीमियर लीग में शनिवार को खेले गए क्वालीफायर 2 में स्मैशर्स ने चैलेंजर्स को हराया. 68 रन से जीत दर्ज कर स्मैशर्स की टीम ने फाइनल में अपनी जगह पक्की की. मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए स्मैशर्स की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 231 रन बनाए. टीम के लिए सौरभ ने 72 गेंद पर सर्वाधिक 132 रन बनाए. वही शिवम कुमार ने 18 गेंद पर 46 रन का योगदान दिया. लक्ष्य का पीछा करने उतरी चैलेंजर्स की टीम 168 रन ही बना सकी. टीम के लिए सौरभ ने सर्वाधिक 46 रन की पारी खेली. विपक्षी टीम के प्रशांत ने तीन व शिवम ने दो विकेट चटकाए. मैच में शानदार बल्लेबाजी के लिए कुमार सौरभ को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया.

---

**प्रतियोगिता** छोटानागपुर एथलेटिक्स एसोसिएशन सीनियर डिवीजन फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन

# बरियातू की टीम बनी चैंपियन, ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

**संवाददाता। रांची**



छोटानागपुर एथलेटिक्स एसोसिएशन (सीएए) की ओर से आयोजित सीनियर डिवीजन फुटबॉल 2024 का नया चैंपियन राजा स्पोर्ट्स बरियातू बना. खेलगांव के प्रैक्टिस ग्राउंड में खेले गए बेहद रोमांचक मुकाबले में बरियातू ने कड़े संघर्ष के बाद ब्लैक टाइगर की टीम को टाईब्रेकर में 3-1 से हराकर चैंपियन बनने के सपना पूरा किया. मैच शुरू होने से पहले हल्की बारिश ने खिलाड़ियों का फाइनल में उत्साह बढ़ा दिया. वहीं, इस फाइनल मैच को देखने के लिए ग्राउंड में फुटबॉल प्रेमियों का हुजूम उमड़ पड़ा. ग्राउंड के चारो तरफ दर्शकों की भीड़ ने खिलाड़ियों का खेल के दौरान खूब जोश बढ़ाया. शुरुआती खेल से ही दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने जबरदस्त खेल का प्रदर्शन किया. अटैकिंग खेल ने दर्शकों को खूब रोमांचित किया. पहले हाफ के खेल में दोनों ही टीमें कोई गोल नहीं कर सकी.दूसरे हाफ के खेल में भी उतार चढ़ाव रहा. लेकिन दोनों टीमें गोल करने में सफल नहीं हो सकी. अंत में मैच का सहारा टाईब्रेकर से लिया गया. जहां बाजी बरियातू की टीम ने मार ली. मैच के मुख्य अतिथि झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रीयो भट्टाचार्य ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया. इस मौके पर कांके प्रमुख सोमनाथ मुंडा, नामकुम जिला परिषद सदस्य रामअवतार केरकेट्टा, लाइफ केयर अस्पताल के डा सामुएल लकड़ा, जेएसएसपीएस के मुकुल लकड़ा, सीएए के महासचिव आसिफ नईम, एचओआर मो फरीद खान, संजय, जेएमएम के अफरोज सहित कई गणमान्य लोग शामिल थे.

**जीत के नायक बने बरियातू के गोलकीपर जिशान**

मैच के दौरान भी बरियातू के गोलकीपर जिशान रजा ने कई अच्छे शॉट्स को सेव किए. लेकिन टाईब्रेकर में अकेले ब्लैक टाईगर के तीन शॉट को रोककर टीम को चैंपियन बनाने में मुख्य भूमिका निभाई. ब्लैक टाइगर के सुमित, शैलेश व सुमित के शॉट को जिशान रजा ने बेकार कर दिया. टीम के कप्तान उपेंद्र हजाम ही सिर्फ गोल कर सके. वहीं, बरियातू की ओर से मनीष, रौशन व कौशिक दास ने गोल किए. सन्नी व सूरज का शॉट बॉर के टकराकर बाहर चला गया.

**झारखंड का सबसे लोकप्रीय खेल है फुटबॉल : सुप्रियो**

मैच के मुख्य अतिथि झामुमो केंद्रीय कमेटी के महासचिव सुप्रीयो भट्टाचार्य ने खिलाड़ियों संबोधित करते हुए कहा कि खेल से ही समाज सही दिशा की ओर जाएगी. खेल स्वास्थ्य को ठीक करता है. साथ ही खेल मानसिकता को ठीक करता है. क्योंकि एक ही टीम में हर तरह के लोगों का समुदाय का समावेश होता है. हमारा राज्य इतना संपन्न राज्य है कि इस राज्य में जो भी खेल है .

---

## न्यूज अपडेट

### त्याग और बलिदान का प्रतीक है बकरीदः जहूर अंसारी

**ओरमांझी।** ईदगाह में नमाज अदा करते मुस्लिम समुदाय के लोग हजरत इब्राहिम अलैहि सलाम की सुन्नत को याद कर खुदा की राह में पेश होगी जानवरों की कुर्बानी यानी 17 जून को त्याग और बलिदान के रूप में मनाए जाने वाले मुस्लिम समुदाय के लोगों का महत्वपूर्ण त्योहार बकरीद पर्व है. इसको लेकर झामुमो नेता सह समाजसेवी जहूर अंसारी ने कहा कि 17 जून को लोग हजरत इब्राहिम अलैहि सलाम की सुन्नत को याद कर खुदा की राह में जानवरों की कुर्बानी पेश करें. उन्होंने बताया कि ईद-उल-अजहा त्याग का बलिदान का त्योहार है. हर माल व दौलत वालों पर अल्लाह ने कुर्बानी वाजिब किया है.

### मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के नाम पर 14 लाख की ठगी

**मांडर।** थाना क्षेत्र के कनभीठा गांव में ठगी की शिकार दर्जनों महिलाएं शनिवार को मांडर थाने पहुंची. महिलाओं ने कहा कि उनके साथ गांव की एक महिला ने मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का सामूहिक लाभ दिलाने और बस खरीदने के नाम पर लगभग 14 लाख रुपये की ठगी कर ली. ठगी की शिकार अधिकतर महिलाएं महिला समूह से जुड़ी हैं. महिलाओं का आरोप है कि कनभीठा गांव की असिफुन खातून ने सामूहिक रूप से कन्यादान योजना का लाभ दिलाने के नाम पर ठगी की है. वहीं कनभीठा गांव की ग्राम संगठन की अध्यक्ष शीला लकड़ा और सचिव शमा परवीन ने बताया कि असिफुन खातून ने एक साल पहले उनके समूह को 13 लाख 26 हजार रुपये की चपत लगाकर गांव से सपरिवार फरार हो गई.

### टू व्हीलर मैकेनिक व मुर्गी पालन प्रशिक्षण शुरु

**सिल्ली/मुरी।** रूडसेट संस्थान सिल्ली में 30 दिवसीय टू व्हीलर मैकेनिक और 10 दिवसीय मुर्गी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का उदघाटन हुआ.उदघाटन अनिल कुमार राज्य नोडल पदाधिकारी आरसेटी झारखंड, निदेशक संजीत कुमार,अमित धान ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य के विभिन प्रखंड से आए 45 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया. रुडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार नेकहा आप अपने जीवन को कैसे बेहतर बना सकते है . आप अपना कार्य ईमानदारी और आत्मविश्वास के साथ करे और ग्राहक से अच्छा संबंध भी बनाकर रखे.निदेशक ने अतिथि का धनबाद दिया. मौके पर वरिष्ट संकाय अनिल कुमार,जगदीश चंद्र महतो, डीएसटी प्रदीप पाठक, सुनील मुंडा आदि उपस्थित थे.

### मोबाइल दुकान का वेंटिलेटर तोड़कर की चोरी

**नामकुम।** टाटीसिलवे थान से महज सौ मीटर की दूरी पर स्थित मिश्रा कम्यूनिकेशन दुकान में चोरों ने वेंटिलेटर तोड़कर लाखों रुपये के सामान की चोरी कर ली है.चोरी में नगद 25 हजार रुपये एवं दुकान में रिपेयरिंग के लिए रखा मोबाइल एवं कुछ कीपैड वाला नया मोबाइल की चोरी हुई है. चोरी गए सामानों को कुल मूल्य ढाई से तीन लाख रुपये बताया जा रहा है. इस चोरी की घटना में कुल पांच चोर शामिल थें. एक चोर अंदर घुसा था बाकी चार चोर बाहर खड़ा था. दुकान के अंदर घुसनेवाला चोर सीसीटीबी फुटेज में आ गया है. प्राप्त जानकारी के मुताबिक यह घटना बीते रात लगभग 12 बजे की है . आसपास के लोगों ने बताया कि जब थाना से सटे दुकान में चोरी हो जा रही है.

### मंत्रिमंडल विस्तार में एससी समाज को भी मिले भागीदारी : नायक

**रांची।** संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव झारखंड प्रदेश प्रभारी विजय शंकर नायक ने संभावित मंत्रिमंडल विस्तार किए जाने पर कहा कि हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल में भी अनुसूचित जाति समाज को मंत्री नहीं बनाया गया था और उन्हें हिस्सेदारी , भागीदारी से वंचित रखा गया था जो की संविधान का उल्लंघन था. उन्होंने कहा कि अब चुंकी हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री नहीं रहे अब मुख्यमंत्री चंपई सोरेन हैं और ऐसी संभावना व्यक्त की जा रही है कि आने वाले दिनों में जो दो रिक्त मंत्रिमंडल के पद हैं उसका विस्तार किया जाना है, ऐसे में 14 फीसदी अनुसूचित जाति समाज आशान्वित है कि चंपाई सोरेनजी के मंत्रिमंडल विस्तार में अनुसूचित जाति समाज को भी इस बार भागीदारी मिलेगा .

### लाली टुंगरी टोली के लोगों की समस्या को भाजपा नेत्री ने सुना

**नामकुम।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर व कुटियातु पूर्व पंसस सह नामकुम एफपीओ की डायरेक्टर अंजली लकड़ा शनिवार सुबह नामकुम के सुदूरवर्ती पंचायत और राहे प्रखंड से सटे टुंगरी टोली पहुंचे . टुंगरी टोली पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात किया. ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि हम सभी नामकुम प्रखंड के लाली पंचायत के निवासी है. कभी नही लगा कि वे नामकुम प्रखंड के निवासी हैं. हमेशा उनके साथ सौतेला व्यवहार किया जाता है. गांव में लगभग 35 से 40 घर हैं . जो शुद्ध रूप से जनजाति समुदाय से आते हैं . लेकिन गांव से लगभग पांच किमी दूरी में आंगनबाड़ी है.जहां छोटे बच्चों ,गर्भवती और धात्री महिलाओं का सुगमता से पहुंच पाना संभव नहीं होता .

### ओरमांझी थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

**ओरमांझी।** थाना परिसर में शनिवार को बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया. बैठक की अध्यक्षता पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने किया. उप प्रमुख रिजवान अंसारी ने कहा कि बकरीद मुसलमानों का सबसे बड़ा त्योहार में से एक है. इस्लाम धर्म में बकरीद के दिन को बलिदान का प्रतीक माना जाता है. पूर्व उप प्रमुख मुंतजिर अहमद रजा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र में अफवाह या गलत सूचना फैलाने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी.मौके पर प्रमुख अनुपमा देवी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी विजय कुमार,पूर्व उप प्रमुख जयगोविंद साहू उर्फ लालू साहू,सत्य नारायण तिवारी, मुमताज आलम, इम्तियाज ओहदार,समेत आसपास क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे.

### ट्रांसफर्मर चोरी के मामले में एक को भेजा जेल

**इटकी।** ट्रांसफर्मर चोरी के आरोप में सागर केरकेट्टा पिता संजय केरकेट्टा को पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया. जबकि चोरी के वारदात में संलिप्त एक अन्य अभियुक्त छोटू अंसारी पिता मंसूर अंसारी फरार हो गया है. आरोपी दोनों युवक थाना क्षेत्र के कुंदी गांव के निवासी बताये गये हैं. वारदात शुक्रवार की शाम करीब सात बजे की बतायी जा रही है. ग्रामीणों के अनुसार अभियुक्त सागर केरकेट्टा व छोटू अंसारी बिजला खलखो के घर के समीप लगे 25 केबीए का ट्रांसफार्मर को चोरी कर लेजा रहे थे. कांड की सूचना मिलने पर ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर लेकर भागते हुए चोरों को खदेड़ा और एक को पकड़ने में सफल रहे.

### इटकी में बकरीद की नमाज का समय मुकर्रर

**इटकी।** बकरीद की नमाज के लिए इटकी में समय का निर्धारण कर लिया गया है. इटकी के मुख्य ईदगाह में सुबह 8:00 बजे बकरीद की विशेष नमाज अदा की जाएगी. इटकी जामा मस्जिद में सुबह 6:00 बजे, मस्जिद ए जाफर में 7:00 बजे मदीना मस्जिद में 7:30 बजे, मस्जिद-ए-सैयदा में 6:00 बजे, मस्जिद- ए- आयशा रहमत नगर में 6:00 बजे, कुंदी जामा मस्जिद व कुंदी पतरा टोली मस्जिद में 7:00 बजे, मदरसा जामिया अजीजिया कुंदी में 6:00 बजे, फिरदौस नगर स्टेशन में 6:45, रानीखटंगा 6:15 बजे, स्टेशन टिकरा टोली 6:30 बजे टुरगुरु 7:00 बजे, कुर्गी 7:00 बजे, मोरों चापा टोली 6:15 बजे, मोरों जमा मस्जिद में 6:30 बकरीद की विशेष नमाज अदा की जायेगी.

